प्रकाशक—

छोगमल चोपड़ा

मंत्री

श्री जैनश्वेतांबर तेरापंथी सभा

१५६, क्रास स्ट्रीट,

कलकत्ता।

मुद्रक—

भगवतीप्रसाद सिंह

न्यू राजस्थान प्रेस,

७३ ए, चासाधोबापाड़ा स्ट्रीट,

कलकत्ता।

॥ श्री ॥

अनुक्रमणिका

प्रस्तावना

मु० चूरू निवासी स्वर्गीय रायचन्दजी सुराना ने कलकत्ते की 'जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय' के छात्रों की धार्मिक शिक्षा के लिये 'ज्ञान प्रकाश' नामक एक पुस्तक बनाई थी। उक्त विद्यालय के बालकों के लिये वह धार्मिक पाठ्यपुस्तक निर्धारित थी। उसके २।३ संस्करण अब तक छप चुके। ज्ञान प्रकाश के पठन-पाठन के बाद पचीश बोल, चर्चा, तेरा द्वार आदि उक्त विद्यालय में पढ़ाये जाते हैं। धार्मिक शिक्षा के लिये भिन्न २ पुस्तक न रख कर एक ही पुस्तक में छात्रों के पठन योग्य सामग्री एकत्रित कर देना उचित समझ मैंने आवश्यक संशोधन कर खास कर उक्त विद्यालय के बालकों के सारी कक्षाओं के उपयोगी यह नवीन संस्करण छपाने के लिये परामर्श दिया और अनेकों सज्जनों के यह बात जँच गई, इस लिये यह पुस्तक बनाई गई है। पचीश बोल के हर एक बोल के नीचे कुछ नोट मैंने अपनी धारणा के अनुसार लगा दिये हैं ताकि अजैन अध्यापक भी सहज में उन्हें समझ कर पढ़ा सकें। पुस्तक के प्रारम्भ में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी मत के विषय में दो चार बातें साधारणतया पाठक, शिक्षक व छात्रों की जानकारी के लिये लिखी हैं। आशा है, उसे पढ़ कर लोग तेरापंथी मत संबंधी कुछ भ्रान्त धारणायें दूर कर सकेंगे।

यद्यपि यह पुस्तक जैन श्वेताम्बर तेरापंथी विद्यालय के बालकों के लिये बनाई गई है तथापि इससे दूसरे छात्र व पाठक भी लाभ उठा सकेंगे, यह आशा करता हूं।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा
१५३ सूतापट्टी
माघ शुक्ल ११।१६६५

छोगमल चोपड़ा
अ० मन्त्री

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी मत संबंधी दो चार बातें:—

संसार में 'धर्म' एक ऐसी वस्तु है जिसके तत्त्व का अर्थ विभिन्न व्यक्तियों ने विभिन्न प्रकार से किया है। परन्तु आधुनिक जितने प्रकार के प्रधान-प्रधान धर्म व मत प्रचलित हैं उनमें सब किसी ने अहिंसा को अच्छा ही बतलाया है। जैन धर्म "अहिंसा" तत्व को जितना महत्त्व देता है शायद दूसरा कोई भी धर्म उतना महत्त्व 'अहिंसा' को नहीं देता। इसलिए जैन धर्म में अहिंसा की विशिष्टता प्रतिपादन के लिए और अहिंसा पालन के लिए विशेष गवेषणा पूर्ण विचार व पुंखानुपुंख रूप से उस पर आलोचना की गई है। जैन संप्रदाय के दो मुख्य विभाग श्वेताम्बर व दिगम्बर हैं और श्वेताम्बर में मूर्तिपूजक, स्थानकवासी व तेरापंथी ये तीन शाखायें हैं। ये तीनों शाखायें आगम याने सूत्र को प्रामाण्य मानती हैं, परन्तु कोई ८४ आगम, कोई ४५ आगम, कोई ३२ आगम और उसकी मिलती बातें मानते हैं। जैनेतर जनता आगम प्रमाण की झंझट में न पड़ कर न्याय व युक्तिसंगत बातें मानने को हमेशा तैयार है। अस्तु, इसीलिए जैन

श्वेताम्बर तेरापंथी सम्प्रदाय के मुख्य-मुख्य तत्त्व जिन पर दूसरे लोग गहन विचार न करके नाना प्रकार कटाक्ष करते हैं उस पर कुछ प्रकाश डालना उचित समझ यथाशक्ति सरल भाषा में विवेचन करता हूँ।

संसारी जीव अनादि काल से कर्मवश जन्म मरण को प्राप्त होता हुआ परिभ्रमण कर रहा है, कर्मों का सर्वथा नाश होने से जीव मुक्त होता है। कर्म जीव को बांध रखता है। वन्धन से छुटकारा होने से मोक्ष है। कर्मों का फल भोगना ही पड़ेगा। शुभ कर्म करने से शुभ फल और अशुभ कर्म से अशुभ फल भोगना पड़ेगा। जगत् में साधारणतः देखा जाता है कि कोई भी कार्य्य किया जायगा तो उसका फल अवश्य होगा। किसी कार्य्य का फल उसी वक्त मालूम पड़ता है, किसी कार्य्य का फल देरी से। प्रकृति के इस नियम का विपर्य्यय कभी नहीं होता।

समस्त कर्मों से छुटकारा पाना ही जीव का स्व-स्वभाव में, निज गुण में वर्तना है। जीव स्वभावसे विशुद्ध, उज्ज्वल, ज्ञानमय, चैतन्यमय है। जैनेतर मतों में जो आत्मा को परमात्मा का अंश वतलाया जाता है, वह वास्तव में अंश तो नहीं है परन्तु इस अर्थ से सत्य है कि परमात्मा, परमेश्वर, अथवा मोक्षप्राप्त जीव अपने समस्त वाह्य कर्मावरण से मुक्त है। हर एक जीव जब समस्त वाह्य आवरण से दूर होकर स्वरूप में विराजता है, तब वह परमात्मा सदृश ही परमात्मा हो जाता है। किसी तरह का वन्धन या आवरण न रहने से वह जीव फिर संसार में न आवेगा, वह निर्विकार अवस्था

में आत्मिक सुख में तल्लीन रहेगा। वह सुख निरवछिन्न, निरा-वाध है। समस्त जीव सुख के लिए लालायित हैं, परन्तु वैषयिक सुख में शान्ति नहीं। आशा, आकांक्षा, इच्छा का जहां तक छुटकारा नहीं, वहां तक आशा, वांछा, इच्छा और आकांक्षाओं की पूर्ति में जीव को सच्चा सुख नहीं मिलता।

संसारी जीव छोटे से बड़े तक सब कोई काल्पनिक सुखों के पीछे घूम रहा है, और वैषयिक या इन्द्रिय परितृप्ति के सुख को ही ध्येय मान रखा है। जीव तृष्णा, लोभ, मोह, रागादिक के वश सामान्य क्षणिक सुख को सुख मान लेता है परन्तु वास्तव में वह दुःख का ही कारण है और सच्चा सुख उसमें मिलता नहीं। जब तक राग व द्वेष भाव का प्रावल्य, स्वजन पर मोह, पर जन पर द्वेष है तब तक संसार से छुटकारा नहीं होता। राग व द्वेष समस्त कर्मों का बीज है। परन्तु द्वेष भाव पहिचानना जितना सहज है, राग भाव पहिचानना उतना सहज नहीं। 'ममत्व,' 'मोह,' 'राग,' 'स्नेह' इत्यादि प्रायः समानार्थक हैं। शरीर से भी 'ममत्व' रखना जब मुक्ति में बाधक है; शरीर से प्यारा जब संसार में दूसरा कोई नहीं, तब अन्य किसी से ममत्व भाव, राग भाव कैसे मुक्ति के लिए बाधक नहीं होगा? जैनधर्म में इसलिये परम पुरुष वही है, जो 'वीतराग' हैं। तेरापंथी मत के विरुद्ध कुछ लोगों का यह आक्षेप है कि यह दया रहित मत है। सूक्ष्म दृष्टि से जो लोग किसी धर्म व मत की समीक्षा करते हैं वे जो कुछ कहें परन्तु गहन और सत्य विचार से देखने से यह आक्षेप सर्वथा अनुचित प्रतीत हो जायगा।

सांसारिक समस्त कार्य्य ऐहिक हिताहित की दृष्टि से विचारे जाते हैं। समाज में रहने से नाना प्रकार का वन्धन हरएक मनुष्य को सहन करना पड़ता है। व्यक्तिगत स्वातन्त्र्य व स्वच्छन्दता को समष्टि के हित के लिए संकुचित करना पड़ता है। सांसारिक व सामाजिक हित के लिये नाना प्रकार के वैषयिक कार्य्य भी करने पड़ते हैं। संसार राष्ट्र, देश या समाज की श्रीवृद्धि, उन्नति व अर्थलाभ आदि कार्य्य के लिए नाना प्रकार की हिंसा का कार्य्य भी करना पड़ता है। युद्ध, विग्रह, व्यापार. वाणिज्य आदि कार्य्य में नैतिक व पारमार्थिक उन्नति का कोई लेश मात्र नहीं। आत्मीय स्वजन पर ममत्व भाव से स्वजन पोषण, देश के व राष्ट्र के प्रति ममत्व भाव से अन्य राष्ट्र व अन्य देशवालों से नाना प्रकार साम दाम दंड भेदादि उपाय से कार्य्योद्धार करना पड़ता है। परन्तु उन सव कार्य्यों से जीव का कल्याण नहीं होता। वे सव कार्य्य तो गृहस्थ व संसारी लौकिक उन्नति के लिए समाज के अन्तर्भुक्त रहने के सवव करता है। आत्मिक कल्याण तो मन वचन काया करके किसी भी प्राणी को निज में दुःख न पहुंचाना, दूसरों से न पहुंचवाना और दुःख देते हुए को अनुमोदन न करने से ही होता है और यही समस्त जीवों की दया पालने का उपाय है। किसी भी जीव को कष्ट देना, हिंसा है और हिंसा से आत्मा कलुषित होती है। प्रायः सभी आर्यधर्म हिंसा को दूषनीय वतलाते हैं, परन्तु यह सिद्धान्त सम्यक् प्रतिपालन करनेवाले विरले ही निकलते हैं। इतना ही नहीं, परन्तु अहिंसा तत्व को जो कि दया

का ही पर्य्यायान्तर है, सम्यक् प्रकार से सद्गुरु की कृपा विना यथार्थ जानना कठिन है।

जीव हिंसा दूषनीय है, यह माननेवाले भी बहुत से लोग जीव अजीव की पहिचान नहीं जानते। एकेन्द्रिय से लगा कर पंचेन्द्रिय तक प्रत्येक जीव को दुःख देना हिंसा है। परन्तु कुछ लोग एकेन्द्रिय जीव को मारकर पंचेन्द्रिय के पोषण में दोष नहीं कहते। यह कहां तक न्यायसंगत है सो धीर चित्त से विचारना चाहिए। कुछ लोग वीतराग वर्णित दया का रहस्य न जानते हुए असंयति का जीवना वंछने में ही अर्थात् मोह राग में ही धर्म समझते हैं। इस जगह एक जटिल प्रश्न खड़ा होता है कि जीव बचाने में और जीव न मारने में क्या पार्थक्य है। बाह्य दृष्टि से एक दूसरे से भिन्न नहीं, परन्तु, विचारने की बात है कि संसार में अनन्त जीव स्व-स्व कर्म वश हमेशा मर रहे हैं। जहां तक कोई जीव निजसे दूसरे को न मारे या न मरावे या मारनेवाले का अनुमोदन नहीं करे वहां तक अन्य जीवों के मरने से उसके शिर कोई दोष नहीं आता। कोई जीव दूसरे जीव को मार रहा है, वहां यदि हम उसे बचाने का प्रयास न करें तो हम पर क्या दोषारोपण आ सकता है? हमारे ऊपर क्या दायित्व है? हमारी आत्मिक उन्नति में यह निरपेक्ष भाव कैसे बाधक हो सकता है? जब तक हम स्वयं नहीं मारते और जब तक हम मारनेवाले को कह कर नहीं मरवाते और न मारनेवाले को भला ही समझते हैं तब तक हम कैसे दोषी हैं। अवश्य यदि हमारे सामने कोई जीव दूसरे को मारता हो और हम मन वचन

वा काया करके उसे किंचित् भी उस कार्य्य में प्रोत्साहित करें या सराहना करें तो हम दूसरे व तीसरे (कारित व अनुमोदित) करण से दोषी हो जायंगे परन्तु यदि हम मारनेवाले का हिंसा में दोष समझें और उसे उस हिंसा से निवृत्त होने के लिए उपदेश देकर सफल न हों या उपदेश देने का अवसर ही न हो तो मरनेवाले जीव का कर्मोदय ही समझ के तटस्थ भाव अवलम्बन कर लेवें तो हमारे कार्य्य में न्याय की दृष्टि से कौन सा दोष हुआ ? तर्क की खातिर यदि यह मान लिया जाय कि यह प्रत्येक जीव का कर्त्तव्य है कि बलवान आततायी से दुर्बल को बलप्रयोग द्वारा भी रक्षा करना उचित है, तो सोचने की बात है कि यह सिद्धान्त क्या एकेन्द्रिय से लगा कर पंचेन्द्रिय तक प्रत्येक जीव-घात के लिये और प्रत्येक समय लागू होगा ? या एक जीव दूसरे को भक्ष्य समझ कर मारता है उसी जगह यह मान्य होगा ? अथवा अनेक जीवसमष्टि दूसरे को कौतुहल वश मारता हो, वहां भी मान्य होगा ? पाठकगण जीव दया के नाम से कर्त्तव्य के माप की क्या हद् रक्खेंगे यह भी विचारिये ? उपरोक्त नाना प्रकार हिंसामय कार्य्य में से किसे रोकना चाहिए ? संसार में दूसरों के द्वारा जो हिंसात्मक कार्य्य होता है उसमें जो निज का स्वार्थ हानिकर हो या जिस हिंसा से स्नेहवश रक्षा का भाव पैदा हो, क्या वही रोकना उचित है और दूसरी हिंसा को आंख बन्द कर उपेक्षा कर जाना ही कर्त्तव्य है ? एक जीव से मरते हुए दूसरे प्राणी को बचा लेना (Theoretically) कहने मात्र में अच्छा मालूम . देता है परन्तु. कार्य्यतः (Practically)

यह सिद्धान्त सर्वत्र पालने योग्य है क्या ? और शेष सीमा तक (Extreme Limits) ले जाने से यह उपहास्य ही मालूम होगा। दूसरे से मरते हुए जीव की रक्षा करना, उस पर प्रेम, स्नेह, मोह, ममत्व, राग भाव से हुआ। तब तो जहां मोह ममत्व स्नेह है वहां जीव को वन्धन है और जहां मारनेवाले की आन्तरिक कलुषता उपदेश देकर दूरकर उसे हिंसा का बुरा परिणाम समझा कर, हिंसा से निवृत्त किया गया, वही सच्चा कर्त्तव्य है।

तेरापन्थी मत के सिद्धान्तों के रहस्य को न समझ कर बहुत से लोग दूसरों की निन्दा द्वारा जो रोचकता मिलती है उसका लोभ संवरण न कर भोले भाइयों को बहकाने के लिए गंभीर दार्शनिक तत्वों को विकृत कर अनर्थक कागद, काली, और समय का अपव्यवहार करते हैं। जिसकी जैसी वृत्ति होती है, वह सहज में छुटती नहीं, पर किसी मत के समझे बुझे विना और समझने का प्रयत्न किये विना कृतविद्य प्रतिष्ठित लेखकगण जो कलम चलाते हैं, यह बड़ा ही विसदृश मालूम होता है।

जब तब यही दृष्टान्त दिया जाता है कि कोई दुष्ट व्यक्ति किसी अनाथ वालक के पेट में छुरी भोंकता हो तो उसे बचा लेने में तेरापन्थी पाप समझते हैं। इस पर जरा विवेचन करना उचित है—

जैन जनता चार विभागों में विभक्त है। साधु, साध्वी, श्रावक श्राविका। इन चारों के समूह को चतुर्विध संघ कहते हैं। चारों मुक्ति के इच्छुक हैं और उसी तरफ प्रयत्न करते हैं। साधु, साध्वी पञ्च महाव्रत धारी होते हैं याने मन-वचन काया द्वारा कृत, कारित,

अनुमोदित यह तीन करण से सर्वथा अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य्य और अपरिग्रह यह पांच महाव्रत पालते, किसी प्रकार पाप याने सावद्य कार्य्य नहीं करते हैं। श्रावक, श्राविका, गृही होने के सबब सर्वथा त्रिकरण त्रियोग से महाव्रत नहीं पाल सकते हैं वे तो अनुव्रतों को अपने-अपने सामर्थ्यानुसार पालन करते हैं। सर्वथा सावद्य परिहार उनसे हो नहीं सकता। जो दृष्टान्त बच्चे के पेट में छुरी भोंकने का दिया जाता है उस पर इतना ही कहना यथेष्ट है कि कोई भी जिनाज्ञा प्रमाण चलनेवाला जैन साधु या साध्वी ऐसे मौके पर उक्त अनाथ बच्चे को दुष्ट घातक के छुरी से बचा नहीं लेते। वे तो ऐसे मौके पर यदि सम्भव हो तो उपदेश द्वारा घातक को दुष्कृत से निवृत्त करते, अन्यथा यह दृश्य असहनीय हो तो वह स्थान त्याग कर चले जाते हैं। उपदेश द्वारा हिंसक को समझा कर दुष्कृत्य से निवृत्त करना वीतराग प्ररूपित धर्म है किन्तु बल प्रयोग द्वारा किसी को कष्ट पहुंचा कर बचा लेना जिन कथित धर्म नहीं। यदि ऐसी अवस्था में न छुड़ाना निर्दयता का द्योतक है तब तो जैन साधु साध्वी निर्दय ही ठहरेंगे। यदि तेरापंथी मत पर इसलिये लांछन लगाया जाता है कि वे इस कार्य्य में पाप बताते—तब तो वे जैन साधु साध्वी जो इस बालक को नहीं बचाते वे भी पाप ही करते होंगे। साधु-साध्वी से पूछने से यही कहेंगे कि साधु-साध्वी तो संसार त्यागी हैं, उन्हें इन सब सांसारिक रक्षनावेक्षन से क्या मतलब? पर उन्होंने तो सावद्य का त्याग किया है, यदि यह कार्य्य सावद्य नहीं तो खुद क्यों न करते? तब उत्तर मिलता कि गृहस्थ का कोई भी कार्य्य करना

साधु के लिये मना है। अब सोचिये कि, जो कार्य्य साधु करते नहीं, वह कार्य्य गृहस्थ न करे तो क्या त्रुटि हुई? वास्तव में पूछिये तो गृहस्थ व संसारी मनुष्य स्नेह, ममता, मोह के वश ऐसे स्थल में बल प्रकाश द्वारा आततायी के हाथ से निरपराध जीव को बचाने की कोशिश करता है, तो इसमें घातक के आन्तरिक भावों का परिवर्त्तन नहीं होता। उनकी कलुषित चित्तवृत्ति को सुपथ में परिचालित कर यदि उन्हें आरब्ध हिंसा से निवृत्त किया जाता तो उनकी आत्मा का कल्याण होता। बालक बचे या मरे यह उनकी स्वकर्म-प्रेरणा से होगा। उनके बचने मरने के लाभालाभ के ख्याल से नहीं, प्रत्युत घातक की मनोवृत्ति को सुमार्ग में लाने के वास्ते जो प्रयास है, वही स्तुत्य है। जैन सिद्धान्तों में १८ प्रकार के पाप बतलाये हैं। वह प्राणातिपात, मृषावाद अदत्तादान, मैथुन, परिग्रह, क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, कलह, अभ्याख्यान, पैशुन्य, पर परीवाद, रति अरति, मायामृषा, मिथ्यादर्शनशल्य हैं। इसमें राग (स्नेह ममत्त्व) भी एक पाप है। किसी जीव पर ममत्त्व भाव से बचाने का प्रयत्न आत्मा का राग (अनुराग, स्नेह मोह) भाव है। यह सर्वथा त्याज्य है। संसारी जीव के लिये सांसारिक प्रेम बंधन छुटना अस्वाभाविक है परन्तु निष्काम भाव से, निर्विरोध चित्त से, अपनी प्रिय वस्तु का अनिष्ट देख कर किसी प्रकार मानसिक चांचल्य न आने के भाव को जो सब लोक गहन विचार न कर, दार्शनिक तत्त्वों को न समझ कर, विकृत धारणा करते हैं वे बड़ी भारी गलती में हैं।

"एक जीव का त्रास देकर दूसरे जीव की रक्षा करना राग, द्वेष "ही है और राग द्वेष करना एकान्त पाप है। यह तो अष्टम, नवम, "दशम, गुणस्थानवर्त्ती जीवों पर लागू होता है और वहां अंतरंग "धर्म बहुत उच्चकोटि का है। हमको वाह्य धर्म पालन करने में "अपनी आत्मा की कलुषता वा अपनी आत्मा के दुःख दूर करने को "अन्य जीव की सहायता लेनी पड़ती है। जैसे यदि किसी जानवर "की रस्सी जिससे वह बंधा हुआ है किसी दीगर बलवान जानवर "के पंजे में पड़ जावे और वह जबरदस्ती उसको पानी की तरफ खींच "रहा है और रस्सी से बंधे हुये जानवर की तकलीफ देख कर मुझको "इतना दुःख उत्पन्न हुआ कि मैं उसको एक सेकेण्ड भी सहन नहीं "कर सकता तो मैंने अपनी आत्मा का दुःख दूर करने के लिये (न कि "उस जानवर के दुःख दूर करने को) यदि रस्सी काट दी और वह "जानवर मुक्त हो गया तो ऐसे बल का प्रयोग करने में पाप नहीं "क्योंकि मैंने तो अपनी कलुषता दूर की है, अपने लिये बल का प्रयोग "किया है न कि उस जानवर के लिये"। इस प्रकार के तर्क हमारे एक मित्र ने किया और उपरोक्त दृष्टान्त देकर जो बंधे हुए जीव के छुड़ाने का कारण निज आत्मा की कलुषता दूर करना बतलाया और उस जीव को छुड़ाने के लिए बल प्रयोग करना ध्येय नहीं बतलाया। इसलिये ऐसे मित्र ने प्रकारान्तर से हमारे ही सिद्धान्त का समर्थन किया। दुःखी जीव की रक्षा के उद्देश्य को सामने न रख कर यदि अपनी आत्मा का क्लेश दूर करने के लिये कोई दुःखी जीव को छुड़ावे तो उस स्थल में उनका कार्य्य कहां तक आत्मिक कल्याण कारक होगा, यह विचारने की

बात है। दूसरे दुःखी जीव को देख कर जो गृहस्थ मात्र के हृदय में स्वतः एक प्रकार सहानुभूति, समवेदना का भाव प्रकट होता है वह भाव उपरोक्त कथनानुसार अष्टम, नवम, दशम गुणस्थानवर्त्ती जीव का उच्च कोटिका अंतरंग धर्म नहीं है। साधु, मुनिराज व उच्च गुणस्थानवर्त्ती महात्मागण ने सांसारिक समस्त मोह ममत्व को त्याग कर दिया है इसलिये वे सांसारिक दुःखी जीवों को देख मुह्य-मान नहीं होते। वे तो यह सब सुख दुःख स्व स्व शुभाशुभ कर्म का फल समझ जीवों को कर्म फल का दृष्टान्त बतला कर सावचेत कर देते हैं परन्तु बन्धन छुड़ाना आत्मिक कल्याण का कारण होता तो अष्टम नवम दशम गुणस्थान वालों की बात तो दूर ही रही पर षष्ठ, सप्तम, गुणस्थानवर्त्ती साधु मुनिराज भी क्यों नहीं छुड़ाते? षष्ट से लगा कर ऊपर के सभी गुणस्थान वाले महापुरुषों का एक ही सिद्धान्त है इसलिये कोई भी ऐसे स्थल में बल प्रयोग द्वारा जीव-रक्षा को धर्म नहीं समझते। फिर यह भी विचारना चाहिए कि दूसरे दुःखी को देख कर जो हमारे मनमें दुख उत्पन्न हुआ वह "राग" (स्नेह, ममत्व, मोह) छोड़ के और कौन सा भाव है? जीव का जीवना वंछे वह "राग" है। मरना वंछे वह द्वेष है। और संसार समुद्र से तीरणा वंछे वह वास्तव में कल्याण का कारण है। बाह्य बन्धन से छुड़ाने से दुःखी जीव का दुःख दूर नहीं होता। उनका कर्म वर्गना हटाने के लिये संवर निर्जरा का मार्ग बतला कर भविष्यत् में जीव के कर्म बन्धन से क्लेश न हो इसका उपाय कर देने से दुःख के कारण को ही रोक दिया गया। यही श्री भगवान का उपदेश है।

'राग' भाव से संसारी जीव का वध, बंध, ताड़ना, भय, शोकादि का दुःख देख के किसी मनुष्य के हृदय में जो तीव्र दुःख हुआ वह तो मोह जनित अनुकम्पा है। इससे आत्मा कलुषित हुई निश्चय, परंतु यह कलुषता दूर तो तब ही हो सकती है जब दुःख का कारणभूत कर्मों का स्वरूप समझ उन कर्मों को नाश करने का प्रयत्न किया जाय। किसी बंधे हुये जीव का बलवान कृत उपद्रव देख के उसका बन्धन काट देना कोई निज आत्मा की कलुषता दूर करने के उपाय नहीं है। आत्मा की ऐसी कलुषता दूर करने के लिये हम अनित्य अशरणादि भावना द्वारा यह विचार करें कि "अहो कर्मों "की क्या विचित्र गति है, इस दुःखी जीव ने न मालूम कैसे कर्मों का "उपार्ज्जन किया था सो इस तरह सताया जाता है, हमें इससे यही "शिक्षा लेनी चाहिये कि हम किसी को पीड़ा न दें ताकि उसके "फलस्वरूप इस तरह पीड़ा भोगनी न पड़े" तो ऐसी भावनाओं से ही कल्याण होगा। संसार में चारों तरफ नजर डालिये, देखियेगा कि दुर्बल पर बलवान का अत्याचार होता ही है, चाहे वह किसी भी नाम से हो और किसी भी कारण से हो। हमारे निज की तरफ से जब तक किसी को दुःख न पहुंचाया गया और दुःख देने वाले की मदद या अनुमोदना न की गई तब तक हमें उस दुःख से कोई वास्ता नहीं, हम उसके भागीदार नहीं। जो दुःख देगा, वह उसका फल भोगेगा। देखनेवाले की उसके लिए कोई जिम्मेवारी हो ही नहीं सकती। दृष्टान्त द्वारा इसको सुगमता से समझाने का प्रयत्न करता हूं—

(१) कोई चोर दूसरे का धन चुराता है—कोई उसे कहके

चुराता है—कोई उस चोर को प्रोत्साहित कर रहा है—वे तीनों अदत्तादान (चौर्य्य) के व्रत को खंडन करनेवाले हैं।

(२) कोई त्रस जीव की हिंसा करता है—कोई उस हिंसक से कह के हिंसा कराता है—कोई उसकी हिंसा का अनुमोदन करता है—ये तीनों अहिंसा व्रत के खंडनेवाले हैं।

(३) कोई मैथुन (कुशील) में रत्त है—कोई कहके मैथुन करवाता हो—और कोइ मैथुन कार्य्य में सहायता दे वे तीनों ब्रह्मचर्य्य व्रत के खंडनेवाले हैं।

अब कोई महात्मा यदि इन तीन प्रकार के दोषी को—चोर, हिंसक औ कुशील सेवन करनेवालों को—नाना प्रकार युक्ति तर्क उपदेशादि से उनके कुकृत्य से निवृत्त कर दें और ऐसी निवृत्ति से चोरी छोड़ने से गृहस्थ के धन का नाश न हो—हिंसा छोड़ने से जीव वध बन्द हो और मैथुन त्याग से यदि प्रियतमा कामिनी विरहातुर होकर आत्महत्या कर ले तो धन रक्षा, जीव रक्षा के द्वारा यदि धर्म होगा तो स्त्री के अपघात से उस महात्मा को क्यों नहीं अधर्म होगा। दो को (चोर हिंसक को) समझाने से अन्य व्यक्ति की धन रक्षा व जीवरक्षा हुई तो ब्रह्मचर्य्य भंग करनेवाले को समझा कर यदि यावज्जीवन ब्रह्मचर्य्य पालने को तत्पर किया जाय और और ऐसे करने से उसकी स्त्री आत्महत्या कर ले तो यदि प्रथम दो को समझाने से धन रक्षा या जीव रक्षा धर्म समझा जाय तो तो तीसरे स्थल में स्त्री की आत्महत्या का अधर्म उपदेशदाता को अवश्य न्याय की दृष्टि से होगा। परन्तु वास्तव में धन रक्षा या जीव

रक्षा या स्त्री का अपघात इन तीनों से महात्मा का कोई ताल्लुक नहीं। उनका उद्देश्य चोर हिंसक व मैथुन भोगी को उनके गर्हित कृत्यों से बचाना था। वह कार्य्य उन्होंने कर दिया। उस कार्य्य के द्वारा किसी दूसरे को लाभ या क्षति हो तो वे उसके लिए जिम्मेवार नहीं। उपदेश देकर कुकृत्यों से बचाने का प्रत्यक्ष व तत्कालीन (direct and immediate result) फल है, उनके आत्मा को पाप कार्य्य से निवृत्त करके उन्नत करना और दूसरे की आत्मा उन्नत करने से साधु ने भी अपने मुक्ति साधन के धर्म का पालन किया। उसके परोक्ष व सुदूरवर्त्ती (indirect and remote result) फल स्वरूप जो धन रक्षा, जीव रक्षा या स्त्री का अपघात हुआ उसके लिए महात्मा कोई भी न्याय या तर्क के सहारे न तो फलभागी है और न दायी है क्योंकि उन्होंने तो चोर, हिंसक, कुशीलियों के तारने के निमित्त उपदेश दिया था। धन रक्षा या जीव रक्षा या स्त्री अपघात के वास्ते उनका उपदेश न था।

यही सिद्धान्त तेरापन्थी सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक श्रीमद् पूजनीय श्री भिक्षु स्वामीजी ने छोटे से दोहे में ऐसे कहा है—

जीव जीवे ते दया नहीं, मरे तेतो हिंसा मति जान।
मारणवाले ने हिंसा कही, नहीं मारे हो तेतो दया गुणखान॥

अर्थात् जीव संसार में जीता है यह दया नहीं और मर रहा है यह हिंसा नहीं। मारनेवाले को हिंसा लगेगी और नहीं मारेगा उसने दया पालन की यही कहा जायगा।

आपातदृष्टि में यह सिद्धान्त लौकिक मतों से विभिन्न होने से नया मालूम देता है। परन्तु सूक्ष्म विचार करने से जीव स्व-स्व कर्म प्रमाणे मरता या जीवन धारण करता है यह ख्याल रखने से अपनी आत्मा से किसी को न मारना ही (तीनों करण से व तीन योग से) अपनी आत्मा की उन्नति का प्रकृष्ट साधन और दूसरे को पाप से छुड़ाने के लिये उपदेश देकर हिंसा से निवृत्त करना भी आत्मिक विकाश को साहाय्य करना है। अन्यथा केवल जीव रक्षा के निमित्त वल प्रयोग द्वारा दूसरे को हिंसादि से निवृत्त करने से क्या लाभ हुआ? जिसको हिंसा से जवरन निवृत्त किया, उनकी मनोवृत्ति में परिवर्त्तन नहीं हुआ (No change of heart)। जब तक मनोवृत्ति में परिवर्त्तन नहीं, तबतक उसने हिंसा को हिंसा समझ के त्याग नहीं किया। वलवान के वल प्रयोग से वह एक दफा हिंसा से निवृत्त हुआ था सही, परन्तु मानसिक परिवर्त्तन (Change of heart) न होने के सबब उसकी आत्मिक उन्नति नहीं हुई। जिस जीव की रक्षा हुई, उसकी रक्षा की दृष्टि से विचार किया जाय तो यह मालूम होगा कि वह जीव जो वचा उसकी आत्मा का क्या कल्याण हुआ। वह जीव एक हिंसक से वच गया परन्तु दूसरे हिंसक से वचने की उसको गैरन्टी नहीं मिली। और वह हिंसक जीव के प्रति द्वेष भाव रक्खेगा और रक्षक व्यक्ति के प्रति ममत्व व कृतज्ञ भाव रक्खेगा तो द्वेष व राग भाव का विपमय फल भोगना ही पड़ेगा। आत्मिक उन्नति के लिए रक्षित जीव को कोई भी साधन रक्षक से नहीं मिला। यदि हन्य

मान् जीव एकान्त समभाव से (Perfect Equanimity) हिंसक जीव के प्रति कषाय रहित होकर "स्वकर्म फल के कारण हमारी यह "हिंसा कर रहा है। हमारा जो आत्मिक गुण है उसको यह नाश "कर नहीं सकता। देह को प्राण से अलग भी कर दे तो मुझे क्या "पर्वाह। मैं स्वकर्म फल समझ कर हिंसक की हिंसा की उपेक्षा "करूंगा—पर अहो यह हिंसक मुझे हिंसा करता हुआ न मालूम "कितना पापकर्म उपार्जन करता होगा—मैं उसको उसके निजकृत "पाप से निवृत्त नहीं कर सकता हूं" इत्याकार आलोचना व चिन्तवन द्वारा निज कर्म बन्धन को शिथिल कर, दूसरे को कर्म बन्धन से बचाने के लिये अपनी असामर्थ्य ही विचार करे तो शुद्ध व उत्तम ध्यान से आत्मिक विकास कर सकता है। राह चलते हुए जीव के हृदय में (Third party—mere spectator) उस हिंसक व हन्यमान को देख कर हन्यमान के प्रति परदुःखकातरता का राग भाव व हिंसक पर द्वेष भाव उत्पन्न हो तो आत्मचिन्तन द्वारा सांसारिक राग द्वेषों को अनर्थ का मूल समझ उक्त कार्य्यों की निन्दना, गर्हना करने से ही निज हृदय की कलुषता दूर कर सकते हैं। संसार में जीव मात्र नाना प्रकार के स्वोपार्जित दुःख एवं कष्ट भोग रहा है उसके लिए किसी भी ज्ञानी का हृदय मलिन न होना चाहिये। हृदय का कालुष्य (मलिनता) तो निज के किसी कुकृत्य के लिये या निज के राग भाव, मोह, ममता, स्नेह, प्रेम बन्धन से होता है। राग, मोह, स्नेह, प्रेम यह सब संसार के बन्धन हैं। संसार मुक्ति का बाधक है। आध्यात्मिक उन्नति में मोह

अन्तरायभूत है। जब निज आत्मा के लिये सब किसी का ध्येय व लक्ष्य यह है कि इस संसार के परिभ्रमण मिटा कर मुक्ति में जाना, सांसारिक समस्त बन्धनों से छुटकारा पाना, तब दूसरे के जीवनकी रक्षा के लिये लालायित होना मोह या स्नेह वश ही होता है। सांसारिक जीवन धारण करना जैसे किसी का चरम लक्ष्य नहीं है, वैसे ही किसी को जीवाने में (असंयम जीवितव्य वंछने में) मोक्ष मार्ग के साधक को फायदा नहीं।

समस्त कर्मों से अलग होना, समस्त कर्मों पर विजय पाना ही जैन धर्म का लक्ष्य है, याने आत्मिक सुख प्राप्त करना ही जैन लोग अपना कर्त्तव्य समझते हैं। संसार में ऐसा कोई भी जीव नहीं है जो अखंड सुख को नहीं चाहता हो। परन्तु उसकी प्राप्ति का यथार्थ साधन या मार्ग न जानने से इन्द्रियजनित सुख में लीन होकर अपनी आत्मा को कर्म से भारी करके सुख के बदले दुःख की सामग्री तैयार करता है। मनुष्यदेह पाने का मूल उद्देश्य कर्म रहित होकर आत्मिक स्वभाव में रहना अर्थात् मुक्ति ही जैन धर्म का ध्येय है। संसार में रहना जैन धर्म के लिये मुख्य साधन की सामग्री नहीं। संसार से मुक्त होना—जीव को शाश्वत सुख में तल्लीन करना, जैन धर्म का उद्देश्य है। उस उद्देश्य सिद्धि में इहलोक की आशायें परलोक की आशायें, जीवन की आशा, मरण की आशा, भोगविलास की आशायें त्याग देने ही में महत्त्व है। जैन धर्म का सच्चा उपासक ऐहिक सुख को वांछनीय नहीं समझता। परन्तु सच्चे सुख की प्राप्ति करने के साधन से अवश्य सांसारिक सुख भी उत्पन्न होता

है। शास्त्रीय शब्दों में यदि कहा जायं तो निर्जरा की करणी से पुण्य स्वतः ही उत्पन्न होता है, जैसे कि कृषक का उद्देश्य गेहूं पैदा करने का होता है: परन्तु साथ में खाखला स्वतः पैदा होता है। इस प्रकार प्रत्येक मनुष्य का कर्त्तव्य है कि अपना निज गुण प्रकट करने का ही उद्देश्य सामने रखे।

जैन धर्म का सच्चा उपासक जन्मान्तर में वैषयिक सुख की प्राप्ति काम्य नहीं मानता। क्षणिक पार्थिव सुख को पाकर जीता ही रहूँ ऐसी कल्पना नहीं करता, अथवा सांसारिक दुःखों को सहन करने में असमर्थ होकर मृत्यु को नहीं चाहता, नाना प्रकार के भोग-विलास के सुख की वह आशा नहीं करता। जैन धर्म का उपासक तो मरना, जीना, सुख, दुःख में समभाव रह कर जन्म-मृत्यु को दूर कर शाश्वत आत्मिक सुख के लिये लालायित है। इस सिद्धान्त की पुष्टि अन्य धर्मों में भी मिलती है। जैसे गीता में भी कहा है "सुखं दुःखं समं कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ।"

इतना उच्च ध्येय जिसका होता है वह दूसरे के मरणादि से मुह्यमान नहीं हो सकता। दूसरे के शारीरिक वधबंध ताड़नादिक के कष्ट से विचलित होकर उसे क्षणिक दुःख से मुक्त करने के लिये दूसरों के हाथ से वचाने के लिये चेष्टित होना कर्त्तव्य नहीं समझता। दुःख कष्टों का छुटकारा तो कर्म बन्धन से मुक्त होने से होगा, यह जैनी मात्र जानता है। निजके कर्म बन्धन को काटने के लिये जैसे उसका उद्यम होता है वैसे ही दूसरे को कर्म काटने के

लिये उत्साहित करना व उसके लिये उन्हें ज्ञान दर्शन चारित्र का साहाय्य देना ही वह कर्त्तव्य समझता है। अन्य समस्त सांसारिक रक्षणा-वेक्षण, सांसारिक कृत्य, राग द्वेष जनित हैं। किसी की स्नेहवश दूसरे के आक्रमण से रक्षा करना निज का या उनका ज्ञान दर्शन या चारित्र गुण की वृद्धि का सहायक नहीं। विज्ञ पाठक को जरा स्थिर चित्त से विचारने से मालूम होगा कि निष्काम जैन धर्म निर्ममत्व, निर्मोहत्व, वीतरागत्व के प्रति लोगों को उत्साहित करता है। सांसारिक समस्त दुःख, कष्टों को स्व स्व कर्म फलोदय से आये हुये जान कर्म फल का वीर की तरह सामना करते हुये भोगने के लिये जैन धर्म लोगों को इंगित करता है। हर एक तरह की अपने पर आई हुई आफतों को जो धर्म बिल्कुल अविचलित चित्त से सामना करने को कहता है, उस धर्म में जीव रक्षा का विकृत अर्थ होना सम्भव नहीं। अपने द्वारा किसी जीव को कष्ट न पहुंचे। पूर्व कर्म फलस्वरूप दूसरे से पहुंचाया हुआ किसी के कष्ट को दूर करना किसी मनुष्य के क्या देवों के भी साध्यायत्त नहीं। भगवान महावीर के प्रति जितने देव व मनुष्य कृत उपसर्ग हुए, क्या उन पर अनुकम्पा या दया करके कोई देव या इन्द्र दूर न कर सकता था, फिर वे लोग निश्चेष्ट क्यों रहे। क्या वे लोग 'दया' नहीं समझते थे।

दया के विषय में संक्षेपतः कुछ कह कर 'दान' के विषय में अब कुछ कहना उचित है। प्रायशः यह कहा जाता है कि तेरापंथी जैन पंचमहाव्रतधारी साधुओं को छोड़ दूसरे को दान

देने में पाप बतलाते हैं। दान शब्द की जितनी व्याख्यायें प्रचलित हैं, शायद साधारण मनुष्यों ने ऐसी आश्चर्य्यकारी व्याख्या कम ही सुनी होगी। परन्तु न्याय की दृष्टि से विचारने से सत्यासत्य का निर्णय होगा। "श्रीस्थानांग सूत्र" नामक जैन आगम में १० प्रकार का दान बतलाया है—

(१) रोगार्त, शोकार्त, कृपण, दीन मनुष्य को गाजर, मूली आदि अनन्त वनस्पति कायिक जीव, लवणादिक पृथ्वीकाय एकेन्द्रिय जीव, अग्नि, पानी आदि देना "अनुकम्पा दान" [इस दान से नाना प्रकार के एकेन्द्रिय जीवादि को देकर अयोग्य पात्र—जो कि हिंसा झूठ, चोरी मैथुन परिग्रह में रक्त है—को पोषण किया यह दान जीव की उन्नति का सहायक नहीं होता है—पात्र सुपात्र नहीं और वस्तु देने लायक नहीं] इस दान से संसार परिभ्रमण बढ़ता है।

(२) वन्दीजनों को अर्थ देकर छोड़ाना यह "संग्रह दान" नाम से वर्णित है। यह भी जीव की उन्नति का सहायक नहीं है।

(३) ग्रह शान्ति के निमित्त अथवा अन्य शान्ति स्वस्त्ययन के लिये जो ग्रहविप्र, ब्राह्मणगण को दान देते हैं, वह "भयदान" है यह तो सांसारिक कष्ट से डर के देना है। इसमें पारलौकिक कोई कल्याण नहीं है।

(४) मृतक के पीछे जो तीसरे दिन और बारह दिन पर भोज दिया जाता है वह "कालुणी दान" कहा जाता है इससे आत्मा को कोई लाभ नहीं, यह तो सामाजिक प्रथा मात्र है।

(५) वार्षिक छःमाही आदि श्राद्ध में लोक-लज्जा से जो दिया जाता है, वह "लज्जा दान" कहा जाता है।

(६) विवाहादि में वर कन्या को जो दिया जाता है, वह केवल यश कीर्ति के लिये "गर्वदान" नाम से प्रख्यात है।

(७) नट, नटी, मल्लादि को तुष्ट होकर जो दान दिया जाता है वह केवल कर्म बन्ध का हेतु है। इस प्रकार कुपात्र—गणिकादि को जो दान दिया वह "अधर्म दान" है।

(८) धर्म शिक्षा का दान देना, सम्यक् चारित्र का दान देना, छः प्रकार के जीवों को मारने का त्यागरूपी अभय दान देना, यह सब "धर्म दान" है।

(९) सचित्त द्रव्यादिक फिरती लेने की इच्छा से जो दिया जाय वह "कायन्ती दान" है।

(१०) परस्पर सामाजिक प्रथानुसार जो हांति न्योता आदि दिया जाता है वह "कन्तती दान" है।

इन सब में सिर्फ एक धर्मदान ही सच्चा दान है जिसमें चित्त, वित्त, पात्र तीनों ही शुद्ध हैं, यही सर्वथा उत्कृष्ट दान है। शुद्ध मन से शुद्ध वस्तु सत् पात्र को दी गई वही कल्याण का कारण है। अन्यथा यदि शुद्ध मन से यदि कुपात्र को शुद्ध वस्तु दी अथवा अशुद्ध हृदय से यदि कुपात्र को शुद्ध वस्तु दी अथवा शुद्ध हृदय से अशुद्ध वस्तु कुपात्र को दी इत्यादि चित्त वित्त पात्र तीनों में एक भी यदि अशुद्ध है तो वह दान अशुद्ध दान है। वह पारलौकिक कल्याण का हेतु नहीं, क्योंकि उससे दान का प्रकृष्ट फल नहीं मिल सकता। सुपात्र वही है जो हिंसा न करे, झूठ न बोले, चोरी न

करे, मैथुन नहीं सेवे, परिग्रह न रक्खे। सर्व सावद्य त्यागी, निर्लोभी छोड़ दूसरा कोई भी सुपात्र नहीं है। हरएक को दान देने से सांसारिक उपकार होता है परन्तु वह ऊसर क्षेत्र में बीज डालने के न्याय निरर्थक ही जायगा। हिंसक, चोर, झूठ बोलने वाले, कुशीलिया और परिग्रहधारी को जो कुछ देना है वह असंयम का साहाय्य करना है। इसमें लोकोत्तर सुफल की आशा कैसे की जा सकती है? दीन दुःखी जो सब देखे जाते हैं वे स्वीय कर्मवश दुःख सहते हैं। उनको धर्म साहाय्य कर धर्म पथ में दृढ़ कर समचित्त से दुःख कष्ट सहने का उपदेश देकर उनके दुःख को दूर करना ही वास्तव में उनका सच्चा उपकार करना है। रुपया पैसा, अन्न, पानी आदि देकर जो क्षणिक इन्द्रिय सुख देते हैं वह उस दीन दुःखी की आत्मा को उन्नत नहीं करता है। ऐसे दान से मामूली सांसारिक उपकार व कीर्ति के सिवाय और कोई लाभ नहीं। विवेक बुद्धि से इन सब दान की यथार्थता का विचार करने से मालूम होगा कि अयोग्य पात्र को सचित्तादि देकर या रुपये पैसे परिग्रह दिलाकर उनकी क्षणिक तृप्ति से उनके कर्म बन्धन का रास्ता खोल पारलौकिक बन्धन में बंध किया है। ऐसे दान से संसार में भी विशेष लाभ नहीं होता है। एक मात्र धर्म रास्ते में—सुमार्ग में लाना ही प्रकृष्ट दान है। अन्य दान नाम मात्र दान है। आशा है कि विज्ञ पाठक न्याय की कसौटी में इस प्रश्न को रख के आत्मिक उन्नति, ज्ञान, दर्शन, चारित्र की वृद्धि की दृष्टि से विचारेंगे। सामाजिक एवं ऐहिक, वैषयिक लाभालाभ से इन सब बातों का विचार न करेंगे।

बन्धुओ, प्रवन्ध लंबा हो गया है । मैंने जहां तक हो सका तेरापन्थी सिद्धान्तों के गूढ़ तत्त्वों का सामान्य मात्र दिग्दर्शन कराया है। जो सब विज्ञ पाठक तेरापन्थी मत सम्बन्धी विशेप विवरण और इनके साधु मुनिराजों की आदर्श जीवन-यापन-प्रणाली से स्वयं प्रत्यक्ष अभिज्ञता के अभाव से अनभिज्ञ हैं, वे दूसरों की कल्पित बातों पर ध्यान न देकर निजमें अनुसन्धान व सत्संग से जान लें, यही प्रार्थना है । तेरापंथी जैनियों का आत्मिक उन्नति का आदर्श बहुत उच्च कोटि का है। सांसारिक उन्नति कामी व्यक्तियों के लिये वह विसदृश मालूम हो सके, परन्तु धर्म मुक्ति का साधन है और सांसारिक उन्नति मुक्ति से बहुत दूर है। अतः विज्ञ पाठक इन दोनों की तुलना न करें। सांसारिक उन्नति, भौतिक विकाश, ऐहिक सुख, ऐश्वर्य्य, प्रभुता आदि प्रयासी सज्जन गण जैन धर्म को या कोई भी मत को जिसमें आत्मा की मुक्ति का पंथ बतलाया है सांसारिक उन्नति को दृष्टि से परीक्षा न करें। परन्तु यह बात जरूर ध्यान में रक्खें कि एक भी सच्चे मुक्ति पथ के पथिक के जो आत्मिक शक्ति होगी वह हजारों, लाखों सांसारिक उन्नति प्रयासी विषयभोगलोलुप मनुष्यों की हृदय की शक्ति से अनेक गुणा वेशी है।

—:*:—

श्री वीतरागदेवाय नमः ।

ज्ञान प्रकाश

—००५०५००—

दोहा ।

ॐनमः अरिहंत अतन, आचार्य्यं उवज्झाय।
मुनिः पञ्च परमेष्टिए, ॐकाररै मांय ॥ १ ॥
वलि प्रणमुं गुणवंत गुरु, भिक्षु भरत मझार ।
दान दया न्याय छाणनें, लीधो मारग सार ॥ २ ॥
भारिमाल पट झलकता, तीजे पट ऋषिराय ।
जयगणि चौथे पञ्चमे, मघवा जप मन लाय ॥ ३ ॥
माणिकगणि षष्टम पटे, सप्तम डालगणिंद ।
तासु चरण रज सेवता, बहु नर नारी वृन्द ॥ ४ ॥
स्वर्गत कालुराम गणि, अष्टम पाट दिपाय ।
जैन धर्म और तेरापंथनो, दशोंदिश सिक्को जमाय ॥ ५ ॥
थाप्या तुलसी गणि नवमें, पाट लायक सुखदाय ।
प्रणमुं मन वच काय करि, पांचों अङ्ग नमाय ॥ ६ ॥

पाठ पहला।

देव गुरु धर्म के लक्षण।

देव गुरु धर्माणां लक्षणानि कानिचित् वदामि।

अर्थात् देव गुरु धर्म के कुछ लक्षण कहता हूं।

१—देव अरिहन्त अर्थात् कर्मरूपी वैरी को हणे सो अरिहन्त —सर्व दोष बिमुक्त।

२—गुरु निंर्ग्रन्थ अर्थात् आभ्यन्तर वाह्य परिग्रह रहित पंच महाव्रतधारी वर्तमान पूज्यजी महाराज श्री १००८ श्री तुलसी-रामजी स्वामी।

३—धर्म केवलि प्ररुपित=जैन श्वेताम्बरी तेरापंथी=अर्थात् रागादि शत्रु को जीते सो कहिये जिन और जिनसे कहा हुआ जो धर्म सो कहिये जैनधर्म, श्वेत हैं वस्त्र जिनके सो कहिये श्वेताम्बरी और तेरह मुक्तिके पन्थ (मार्ग) पाले सो कहिये तेरहपन्थी। सो तेरह पन्थ ये हैं :—

पांच सुमति :—

१—ईरिया अर्थात् देखके चलना।

२—भाषा अर्थात् विचार के निरवद्य भाषा बोलना।

३—एषणा अर्थात् शुद्ध और अशुद्ध आहार पानी की गवेषणा (परीक्षा) करना।

४—आयाण भंडमत्त निखेवणा अर्थात् वस्त्र पात्र का यत्न सहित ग्रहण करना और मूकना यानी लेना और पीछा रखना।

५—उच्चार पासवण परिठावणीया अर्थात् मलमूत्र (लघुनीत और वड़ीनीत) को यत्न सहित परिठवो (अच्छी तरह देख के निरवद्य जीवजंतु रहित स्थान में परिठवो अर्थात् फेंकना)।

तीन गुप्ति :—

१ मनो गुप्ति अर्थात् अशुद्ध मन को रोक कर रखना।
२ वचन गुप्ति अर्थात् अशुद्ध वचन को रोक कर रखना।
३ काय गुप्ति अर्थात् अशुद्ध कार्यों से काया को रोक कर रखना।

पंच महाव्रत:—

१ जीवहिंसा करने का तीन करण तीन योग से त्याग। *
२ झूँठ बोलने का तीन करण तीन योग से त्याग।
३ चोरी करने का तीन करण तीन योग से त्याग।
४ मैथुन सेवन करने का तीन करण तीन योग से त्याग।
५ परिग्रह रखने का तीन करण तीन योग से त्याग।

यह तेरह बोल पाले सो कहिये तेरह पंथी।

---

* तीन करण—करना, करवाना और करनेवाले का अनुमोदन करना। तीन योग—मन वचन व काया, तीन करण और तीन योग के समवाय से ४९ भांगे होते हैं जो पच्चिश बोल के २४ वाँ बोल है।

पाठ दूसरा।

नवकार मन्त्र।

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहुणं ।

प्रश्न १—

सब मन्त्रोंमें श्रेष्ठ मन्त्र कौन है ?

उत्तर—

नमोकार (नवकार) है।

प्रश्न २—

इस मन्त्र में कितने अक्षर हैं ?

उत्तर—

पैंतीस अक्षर हैं।

प्रश्न ३—

इस मन्त्र में किस किस को नमस्कार किया है ?

उत्तर—

अरिहंत, सिद्ध, आचार्य्य, उपाध्याय और सर्वसाधु इन पांचों को नमस्कार किया है।

पाठ तीसरा।

—:o:*:o:—

तीर्थंकरों के नाम।

१ ऋषभनाथजी।
(आदिनाथजी)
२ अजितनाथजी।
३ संभवनाथजी।
४ अभिनन्दनजी।
५ सुमतिनाथजी।
६ पद्मप्रभजी।
७ सुपार्श्वनाथजी।
८ चन्द्रप्रभजी।
९ सुविधिनाथजी।
(पुष्पदन्तजी)
१० शीतलनाथजी।
११ श्रेयांसजी।
१२ वासुपूज्यजी।
१३ विमलनाथजी।
१४ अनन्तनाथजी।
१५ धर्मनाथजी।
१६ शांतिनाथजी।
१७ कुंथुनाथजी।
१८ अरनाथजी।
१९ मल्लिनाथजी।
२० मुनिसुव्रतजी।
२१ नमिनाथजी।
२२ नेमिनाथजी
(अरिष्टनेमिजी)।
२३ पार्श्वनाथजी।
२४ महावीरजी।
(वर्द्धमानजी)

प्रश्न १।

पांचवें, दशवें, बीसवें और चौवीसवें तीर्थंकरों के नाम कहो।

उत्तर।

सुमतिनाथजी, शीतलनाथजी, मुनिसुव्रतजी और महावीरजी।

प्रश्न २।

सब मिलकर तीर्थंकर कितने होते हैं तथा आदि अन्त के तीर्थंकरों के नाम कहो ?

उत्तर।

चौवीस होते हैं, इस चौबीसी के आदि में ऋषभनाथजी और अन्तमें महावीरजी।

प्रश्न ३।

ऐसे कौन २ तीर्थंकर हैं जिनके नाम एक से अधिक हैं ?

उत्तर।

पहिले, नौवें, बाईसवें और चौवीसवें इनके नाम एक से अधिक हैं।

प्रश्न ४।

तीर्थंकर २४ होते हैं या इससे न्यूनाधिक भी होते हैं ?

उत्तर।

अवसर्पिणि काल में २४ होते हैं और उत्सर्पिणि काल में भी २४ ही होते हैं इससे न्यूनाधिक नहीं होते। अवसर्पिणी काल में सर्व विपय की अवनति दिखाई पड़ती है और उत्सर्पिणी में उन्नति।

प्रश्न ५—

सुविधिनाथजी कौन से तीर्थंकर थे ?

उत्तर—

नौवें।

प्रश्न ६—

महावीर स्वामी के कितने गणधर थे ?

उत्तर—

ग्यारह थे उनके नाम ये हैं :—

१ इन्द्रभूति। २ अग्निभूति। ३ वायुभूति। ४ व्यक्त। ५ सुधर्मा। ६ मंडित। ७ मौर्यपुत्र। ८ अकम्पित। ९ अचल-भ्राता। १० मेतार्य। ११ प्रभास।

प्रश्न ७—

पांचवें गणधर कौन थे ?

उत्तर—

सुधर्मा स्वामी

———:※:———

पाठ चौथा ।

—:✻:✻:—

(सामायिक लेने की पाटी)

करेमि भंते सामायियं सावज्जं जोगं पच्चक्खामि जाव नियम मुहूर्त्त (एक दो इत्यादि) पज्जुवासामि दुविहिं तिविहेणं नकरेमि नकारवेमि मनसा वायसा कायसा तस्स भंते पड़िक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि ।

प्रश्न १—

सामायिक किसको कहते हैं ?

उत्तर—

जिसमें सब प्रकार के धार्मिक बिषयोंका लाभ हो उसको सामायिक कहते हैं अर्थात् समता भावरूप सामायिक । (समतारूपी आय-लाभ—जिसमें होता है वह सामायिक—शब्दका व्युत्पत्तिगत अर्थ यह है ।

प्रश्न २—

सामायिक में किस कार्यका पच्चक्खाण [त्याग] है ?

उत्तर ।

पापकारी कार्य का त्याग और धर्मकृत्य करना ।

प्रश्न ३ ।

कितने करण और कितने योग से नियम है ?

उत्तर ।

दो करण और तीन योग से अर्थात् मन, बचन, काया करके न स्वयम् पाप-कर्म करे और न अन्य से करावे ।

पाठ पांचवां ।

—:*०*:—

मंगलीक की पाटी ।

चत्तारि मंगलं, अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं, साहु मंगलं, केवलि पन्नतो धम्मो मंगलं ।

चत्तारि लोगुत्तमा, अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा, साहु लोगुत्तमा, केवलि पन्नत्तो धम्मो लोगुत्तमा ।

चत्तारि सरणं पवज्जामि, अरिहंता सरणं पवज्जामि, सिद्धा सरणं पवज्जामि, साहु सरणं पवज्जामि, केवलि पन्नत्तो धम्मो सरणं पवज्जामि ।

ए चार शरणा सगा और सगा नहीं कोय ।
जो नरनारी आदरे तो अक्षय अमर पद होय ।

प्रश्न १—

लोक में कितने मंगलीक कहे हैं ?

उत्तर—

चार मंगलीक कहे हैं:—१ अरिहंत २ सिद्ध ३ साधु ४ केवलि प्ररूपित धर्म ।

प्रश्न २—

लोक में कितने उत्तम कहे हैं ?

उत्तर—

चार उत्तम कहे हैं:—१ अरिहंत २ सिद्ध ३ साधु ४ केवलि प्ररूपित धर्म ।

प्रश्न ३—

लोक में कितने शरणे ग्रहण करने योग्य कहे हैं ?

उत्तर—

चार शरणे ग्रहण (अङ्गीकार करने) योग्य कहे हैं:—१ अरिहंत २ सिद्ध ३ साधु ४ केवलि प्ररूपित धर्म। अर्थात् इन चार की शरण लेने से जीव संसारसागर से सहज में उत्तीर्ण हो सकता है। जैसे सांसारिक कार्य के लिये किसी बड़े आदमी का सहारा लाभदायक होता है वैसे ही पारलौकिक उन्नति व मुक्ति के लिये ये चार मंगलकारी, उत्तम और शरण ग्रहण करने योग्य हैं।

पाठ छठा।

—:*:—

जीव विचार।

जीव दो प्रकार के होते हैं। सिद्ध और संसारी। सिद्ध तो कर्म क्षय करके संसार से मुक्त होकर सिद्ध क्षेत्र में पहुँचे हैं। जन्म, जरा और मरण के दुःखों से छूट गये हैं, फिर संसार में नहीं आते हैं और संसारी जीव संसार में भ्रमण कर रहे हैं उनके दो भेद हैं:—त्रस और स्थावर। त्रस जीव तो चलते, फिरते, उड़ते, डरते और भागते हैं। ये चार प्रकार के होते हैं:—बेइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय और पंचेन्द्रिय।

बेइन्द्रियः—शीप, शंख और लटादि जिनके दो इन्द्रियाँ होती हैं। स्पर्शइन्द्रिय और रस-इन्द्रिय अर्थात् शरीर और जिह्वा।

तेइन्द्रियः—कीड़ी, मकोड़ी आदि जिनके तीन इन्द्रियाँ होती हैं। १ स्पर्श २ रस ३ घ्राण अर्थात् शरीर, जिह्वा और नाक।

चौइन्द्रियः—मक्खी, मच्छर और बिच्छू इत्यादि जिनके चार इन्द्रियाँ होती हैं। १ स्पर्श २ रस ३ घ्राण ४ चक्षु अर्थात् शरीर, जिह्वा, नाक और आंख।

पंचेन्द्रिय चार प्रकारके होते हैं:—नरक, तिर्यंचपंचेन्द्रिय, मनुष्य और देव जिनके पांच इन्द्रियाँ होती हैं श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रस और स्पर्श अर्थात् कान, आंख, नाक, जिह्वा और शरीर।

पंचेन्द्रियतिर्यंच पांच प्रकार के होते हैं:—

जलचर (मत्स्यादि)—जल में चलनेवाले।

स्थलचर [गाय, भैंस, घोड़ा इत्यादि]—जमीन पर चलनेवाले चतुष्पद जीव।

उरपरिसप्पा [सर्पादि]—पेट से चलनेवाले।

भुजपरिसप्पा [नकुलादि]—भुजा से चलनेवाले।

खेचर [काक, मयूर, सूआ, कबूतर इत्यादि] आकाश में उड़नेवाले।

स्थावर जीव पांच प्रकार के होते हैं:—पृथ्वी [मूरड़, मिट्टी] इत्यादि। अप (पानी) तेउ (अग्नि) वायु (हवा) वनस्पति (वृक्ष, वेल और बीज इत्यादि)।

स्थावर जीव चलते फिरते नहीं हैं और उनके एक स्पर्शेन्द्रिय होती है।

प्रश्न १।

त्रस और स्थावर जीवों में क्या भेद है कहो ?

उत्तर।

त्रस जीव चलते फिरते हैं और स्थावर जीव चलते फिरते नहीं, स्थिर हैं।

प्रश्न २।

त्रस जीव कितने और कौन कौन से हैं ?

उत्तर ।

त्रस जीव चार प्रकार के हैं:—बेइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय और पंचेन्द्रिय ।

पंचेन्द्रिय के चार भेद हैं:—१ नरक २ तिर्यंच पंचेन्द्रिय ३ मनुष्य ४ देव ।

प्रश्न ३ ।

स्थावर जीव कितने प्रकार के और कौन कौन से होते हैं ?

उत्तर ।

स्थावर जीव पांच प्रकार के होते हैं:—१ पृथ्वी २ अप ३ तेउ ४ वायु ५ वनस्पति ।

प्रश्न ४ ।

हाथी, पानी, घोड़ा, हवा, कुत्ता, बिल्ली और अग्नि इन जीवों में त्रस कौन और स्थावर कौन हैं ?

उत्तर ।

हाथी, घोड़ा, कुत्ता और बिल्ली त्रस हैं, पानी, हवा और अग्नि स्थावर हैं ।

प्रश्न ५ ।

स्थावर जीवों को मारने से पाप लगता है या नहीं ?

उत्तर ।

पाप लगता है । भगवान के वचन हैं कि किसी जीव को मत हणो, जीव का वध महाभय का कारण है । दसवैकालिक सूत्र के छठे

अध्ययन की ११ वीं गाथा में कहा है कि:—

सव्वे जीवा वि इच्छंति जीविउं न मरिज्जिउ।
तम्हा पाणिवहं घोरं निग्गंथा वज्जयंतिणं॥

अर्थात् सब जीवों की यही इच्छा रहती है कि सदा जीते रहें कभी नहीं मरें, इस कारण जीव का वध महापाप है इसीलिये निर्ग्रन्थ प्राणी का वध का वर्जन करते हैं।

प्रश्न ६।

धर्म हेतु जीव हणने में दोष नहीं ऐसी श्रद्धा रखनेवाले को सम्यक्त्वी कहिये या मिथ्यात्वी? (सम्यक्त्वी वह जिसकी सच्ची श्रद्धा धर्म पर है और मिथ्यात्वी वह जिसकी धर्म पर श्रद्धा मिथ्यामय है यानी गलत है)।

उत्तर।

मिथ्यात्वी।

नोट:—प्रश्न व्याकरण सूत्र के पहिले आस्रवद्वार में कहा है:—

चेतिए देवकुल चित्तसभा [इत्यादि अनेक पाठ हैं] विविहस्मय अट्ठाए पुढविं हिंसंति मंदबुद्धिया। अर्थात् प्रतिमा, मन्दिर और चित्र-सभा इत्यादि विविध कारणों से पृथ्वीकाय की हिंसा करते हैं वे मंदबुद्धि के धणी हैं।

आचारंग सूत्र में भी कहा है कि धर्म हेतु जीव हणने में दोष नहीं, यह अनार्य के वचन हैं।

इसी प्रकार अन्य सूत्रों में भी जीव हिंसा का फल बहुत बुरा कहा है, जीव हिंसा में कहीं धर्म नहीं है। सिंदूरप्रकर ग्रन्थ में हिंसा के प्रकरण में कहा है कि:—

॥ श्लोक ॥

यदि ग्रावा तोये तरति तरणिर्यद्युदयति,
प्रतीच्यां सप्तार्चिर्यदि भजति शैत्यं कथमपि।
यदि क्ष्मापीठं स्यादुपरि सकलस्यापि जगतः,
प्रसूते सत्वानां तदपि न वधः क्वापि सुकृतम् ॥

अर्थात्:—सत्व (जीव) को वध करने (मारने) में किसी प्रकार से धर्म नहीं होता। पाषाण की नाव कभी पानी में नहीं चल (तैर) सकती, यदि दैव संयोग से चाहे वह चलने भी लगे, सूर्य्य चाहे पश्चिम दिशा में उदय हो जाय, सप्तार्चि (अग्नि) चाहे शीतलता को प्राप्त हो जाय, क्ष्मापीठ (पृथ्वी) चाहे सब जगत के ऊपर हो जाय पर जीव हिंसा में कदापि धर्म नहीं हो सकता।

प्रश्न ७।

कर्मों को क्षय करके जो जीव मुक्त हो गये हैं वह फिर संसार में जन्म लेते हैं या नहीं ?

उत्तर।

मुक्त जीव फिर संसार में जन्म नहीं लेते। जैसे दग्ध बीज से अंकुर नहीं प्रकट होता वैसे ही मुक्त जीवों (सिद्धों) का कर्म रूपी बीज दग्ध हो गया है जिससे जन्म रूपी वृक्ष का अंकुर नहीं प्रकट होता।

पाठ सातवां ।

इन्द्रियां किसको कहते हैं ?

जिसके द्वारा जीव शब्द, रूप, गंध, रस और स्पर्श के विषयों को भोगता है उसे इन्द्रियाँ कहते हैं। इन्द्रियाँ पांच होती हैं, जैसेः—

१ श्रोत्र इन्द्रिय (कान)।

२ चक्षु इन्द्रिय (आंख)।

३ घ्राण इन्द्रिय (नाक)।

४ रस इन्द्रिय (जीभ)।

५ स्पर्श इन्द्रिय (शरीर)।

१—श्रोत्र इन्द्रिय द्वारा शब्द सुनते हैं।

२—चक्षु इन्द्रिय द्वारा काला नीला, पीलादि वर्ण देखते हैं।

३—घ्राण इन्द्रिय द्वारा गंध लेते हैं।

४—रस इन्द्रिय द्वारा कटुकादि रस आस्वादन करते हैं।

५—स्पर्श इन्द्रिय द्वारा कर्कशादि स्पर्श वेदते हैं।

प्रश्न १।

इन्द्रियां कितनी होती हैं उनके नाम कहो ?

उत्तर।

इन्द्रियां पांच होती हैं, श्रोत्र इन्द्रिय, चक्षु इन्द्रिय, घ्राण इन्द्रिय रस इन्द्रिय और स्पर्श इन्द्रिय। (स्पर्श, रस, घ्राण, चक्ष और श्रोत्र

क्रमशः यह पांच इन्द्रियां उत्तरोत्तर बढ़ती हुई एकेन्द्रिय, वेइन्द्रिय, त्रिइन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, और पंचेंद्रिय की होती है)।

प्रश्न २।

तीसरी और पांचवी इंद्रिय से क्या जान सकते हैं ?

उत्तर।

तीसरी घ्राण इंद्रिय से गंध लेते हैं और पांचवीं स्पर्श इंद्रिय से स्पर्श वेदते हैं।

प्रश्न ३।

मक्खी, वैल, कुत्ता, सांप, कीड़ी, शीप, हाथी, अग्नि और पानी इन जीवों के कितनी २ इन्द्रियां होती है ?

उत्तर।

वैल, कुत्ता, सांप और हाथी इनके पांच इन्द्रियां होती हैं। मक्खी के चार इन्द्रियां होती हैं। कीड़ी के तीन इन्द्रियां होती हैं। शीप के दो इन्द्रियां होती हैं। अग्नि और पानी के एक इन्द्रिय होती है।

प्रश्न ४।

जिस जीव के आंख होती है उसके नाक होता है या नहीं ?

उत्तर।

जिसके आंख होती है उसके नाक अवश्य होता है। (क्योंकि घ्राणइन्द्रिय के वाद चक्षु इन्द्रिय का क्रम है और जब पीछे के क्रम का इन्द्रिय है तव समझना कि पहिले वाले उनके है हीं)।

प्रश्न ५ ।

जिस जीवके नाक होता है उसके आंख होती है या नहीं ?

उत्तर ।

जिसके नाक होता है उसके आंख होती भी हैं और नहीं भी होती । (क्योंकि तीन इन्द्रिय वाले के स्पर्श रस घ्राण यह तीन ही होंगे किन्तु चतुरिन्द्रय पंचेन्द्रिय के स्पर्श रस घ्राण के अतिरिक्त यथाक्रम चक्षु और श्रोत्र यह बढ़ गये ।

पाठ आठवाँ ।

त्रस जीवों के भेद ।

त्रस जीव दो प्रकार के होते हैं।

सन्नी (संज्ञी) और असन्नी [असंज्ञी] जिस जीव के मन होता है वह सन्नी है और जिसके मन नहीं होता वह असन्नी है ।

बेइन्द्रिय, तेइन्द्रिय और चौइन्द्रिय तो केवल असन्नी ही होते हैं और पंचेन्द्रिय जीव सन्नी भी होते हैं और असन्नी भी होते है ।

गर्भ से उत्पन्न होनेवाले जीव (जैसे स्त्री, पुरुष, गाय, भैंस, घोड़ा, हाथी इत्यादि) सन्नी होते हैं । देवता और नारकी गर्भ से उत्पन्न नहीं होते तो भी वे सन्नी ही होते हैं । देवता उत्पात शय्या में उत्पन्न होते हैं और नारकी जीव कुम्भी में उत्पन्न होते हैं और जो जीव छमोछम अर्थात् बिना गर्भ के केवल स्पर्श से ही उत्पन्न होते हैं वे असन्नी हैं ।

प्रश्न १ ।

नारकी, देव, मनुष्य, घोड़ा, हाथी, गाय, भैंस, ऊंट, कबूतर, काग, सांप, मत्स्य, कीड़ी, बिच्छू, शङ्ख, मच्छर, मकड़ी, लट और खटमल इन जीवों में सन्नी और असन्नी बताओ ?

उत्तर ।

नारकी, देव, गाय और भैंस सन्नी हैं और कीड़ी, बिच्छू, शङ्ख, मच्छर, मकड़ी, लट और खटमल असन्नी हैं । मनुष्य, घोड़ा, हाथी, ऊँट, कबूतर, काग सांप और मत्स्य सन्नी भी होते हैं और असन्नी भी होते हैं यानी जो गर्भ से उत्पन्न होते हैं वे सन्नी हैं और जो विना गर्भ उत्पन्न होते हैं वे असन्नी हैं।

प्रश्न २।

सन्नी जीवों के इन्द्रियां कितनी होती हैं ?

उत्तर ।

पांच इन्द्रियां होती हैं।

प्रश्न ३।

क्या पंचेन्द्रिय जीव सब सन्नी होते हैं ?

उत्तर ।

सब सन्नी नहीं होते, जिनके मन है वे सन्नी हैं और जिनके मन नहीं हैं, वे असन्नी हैं। असन्नी पंचेन्द्रिय दो गति में ही होते हैं, तिर्यंच गति और मनुष्य गति देव व नारकी में नहीं होते।

तिर्यंच पंचेन्द्रिय जो असन्नी होते हैं, उसका उदाहरण—जैसे वर्षा के होने से जल मिट्टी के स्पर्श से मेंढ़क एकाएक उत्पन्न हो जाते हैं और द्वीपान्तर में असंख्य असन्नी तिर्यंच पंचेन्द्रिय होते हैं वह अपने यहां देखने में नहीं आते, ज्ञानी पुरुषों के बचनों से ही जाने जाते हैं।

जलचर, स्थलचर, उरपरिसर्प, भुजपरिसर्प और खेचर पांच ही प्रकार के तिर्यंच पंचेन्द्रिय जीवों में असन्नी भी होते हैं।

मनुष्य जो असन्नी होते हैं सो दृष्टिगोचर नहीं होते, मनुष्यों के अशुचि स्थान यथा मल, मूत्र, वमन और पित्तादि में उत्पन्न होते हैं, उनको असन्नी मनुष्य कहते हैं। उनका शरीर अंगुल के असंख्यात भाग के समान होता है अर्थात् बहुत ही छोटा होता और अन्तर मुहूर्त आयुष्य होता है। (अन्तर मुहूर्त—याने ४८ मिनिट से कम)

पाठ नौवां ।

स्थावर जीवों के भेद ।

स्थावर जीव के एक स्पर्श इन्द्रिय होती है अर्थात् शरीर मात्र ही होता है, ये जीव पांच प्रकार के होते हैं।

१ पृथ्वी काय के जीव—पृथ्वी ही जिनका शरीर है, जैसे मूरड़, मिट्टी, सोना, चांदी, हिंगुल (हींगलू) हरताल इत्यादि जो खान में से निकाले जाते हैं, वह जीव सहित हैं, फिर अन्य वस्तु का संयोग या शस्त्र परिणित होने से जीव रहित हो जाते हैं।

२ अप्काय के जीव—पानी ही जिनका शरीर है जैसे:—वर्षा का पानी, ओस का पानी, कूँवेका पानी. समुद्र का पानी इत्यादि जीव सहित होते हैं किन्तु अन्य वस्तु संयुक्त वा शस्त्र परिणित होने से जीव रहित हो जाते हैं।

३ तेउ काय के जीव—अग्नि ही जिनका शरीर है जैसे:—अङ्गार मुर्मुरिया [पतंगा], झल और विजली इत्यादि जीव सहित होते हैं, फिर अन्य वस्तु संयुक्त वा शस्त्र परिणित होने से जीव रहित हो जाते हैं।

४ वाउ काय के जीव—वायु ही जिनका शरीर है जैसे:—पवन, घनवात, तनुवात इत्यादि जीव सहित होते हैं और अचित वायु से सचित वायु के जीवों का घात होता है। वायु का शस्त्र वायु ही है। दूसरे कोई भी शस्त्र द्वारा वायु काय का घात नहीं हो सकता।

५ वनस्पति काय के जीव—वनस्पति ही जिनका शरीर है जैसे:—वृक्ष, वेल, फल, फूल और वीज इत्यादि जीव सहित होते हैं पर अन्य वस्तु का संयोग वा शस्त्र परिणित होने से जीव रहित हो जाते हैं।

वनस्पति दो प्रकार की होती हैं—प्रत्येक और साधारण। प्रत्येक उसे कहते हैं जिस के एक शरीर में एक ही जीव होता है और साधारण उसे कहते हैं जिसके एक शरीर में अनंत जीव होते हैं।

उपरोक्त पांच प्रकार के स्थावर जीव कहलाते हैं ये जीव असन्नी होते हैं और इनके दो भेद होते हैं :—सूक्ष्म और वादर।

१ सूक्ष्म जीव उन्हें कहते हैं जो नजर नहीं आते और सर्व लोक में भरे हैं उनसे सूई के अग्रभाग भर भी स्थान खाली नहीं है वह जीव किसी से नहीं रुकते और न उन जीवों से किसी वस्तु की रुकावट होती है।

२ वादर जीव उन्हें कहते हैं जो देखने में आते हैं:—जैसे मिट्टी, पानी, अग्नि, पवन और वृक्ष इत्यादि।

त्रस जीव तो सब वादर ही होते हैं।

प्रश्न १।

स्थावर जीव कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर।

पांच प्रकार के होते हैं:—१ पृथ्वी, २ अप, ३ तेज, ४ वाउ ५ वनस्पति।

प्रश्न २।

आम, निम्बू, गुलाब के फूल और पत्ते किस काय के जीव हैं?

उत्तर।

वनस्पति काय के जीव हैं।

प्रश्न ३।

स्थावर जीव जो देखने में आते हैं वह सूक्ष्म हैं या वादर हैं?

उत्तर।

वादर हैं। सूक्ष्म जीव देखने में नहीं आते हैं।

पाठ दशवां ।

जीव और कर्मों का सम्बन्ध ।

संसारी जीव कर्मों के संयोग से संसार में पर्य्यटन कर रहे हैं वे कर्म आठ प्रकार के होते है, जैसेः—

१ ज्ञानावरणीय कर्म—ज्ञान को रोकता है।

२ दर्शनावरणीय कर्म—दर्शन को रोकता है यानी देखने में वाधा डालता है और इस कर्म के उदय होने से जीव को निद्रा भी आती है।

३। वेदनीय कर्म—इससे जीव सुख और दुःख भोगता है यानी साता वेदनीय से सुख भोगता है और असाता वेदनीय से दुःख भोगता है।

४ मोहनीय कर्म—यह जीव को मोहग्रस्त याने संसार में मतवाला कर देता है और क्रोध, मान, माया और लोभ को प्रवल करता है।

५ आयु कर्म—इससे जीव जिस गति की आयुष्य वांधता है सो भोगता है।

६—नाम कर्म—इससे जीव गति, शरीर और वर्णादि पाता है।

७—गोत्र कर्म—इससे जीव ऊँच और नीच गोत्र पाता है।

८ अन्तराय कर्म—यह जीव के दान, लाभ, भोग, उपभोग और वीर्य में बाधा डालता है।

प्रश्न १।

किसी विद्यार्थी को परिश्रम करने पर भी पाठ याद नहीं होता है तो बताओ कि उसके किस कर्म का उदय है?

उत्तर।

ज्ञानावरणीय कर्म का उदय है।

प्रश्न २।

किसी पुरुष, स्त्री वा किसी अन्य जीव को निद्रा बहुत आती हो तो बताओ कि उसके किस कर्म का उदय है?

उत्तर।

दर्शणावरणीय कर्म का उदय है।

प्रश्न ३।

किसी व्यक्ति की देह में वेदना अधिक रहती है तो बताओ कि उसके किस कर्म का उदय है?

उत्तर।

असाता वेदनीय कर्म का उदय है।

प्रश्न ४।

किसी व्यक्ति के क्रोध अधिक है, हास्य, भय और शोक विशेष है तो बताओ कि उसके किस कर्म का उदय है?

उत्तर।

मोहनीय कर्म का उदय है।

प्रश्न ५।

कोई जीव नरकादि आयुष्य भोगता है तो बताओ कि उसके किस कर्मका उदय है ?

उत्तर ।

आयुः कर्म का उदय है।

प्रश्न ६—

किसी पुरुप का शरीर सुन्दर है, उसके वचन सबको प्रिय लगते हैं और उसकी यशकीर्त्ति सर्वत्र होती है तो बताओ कि उसके किस कर्म का उदय है ?

उत्तर—

शुभ नाम कर्म का उदय है।

प्रश्न ७—

कोई जीव क्षत्रिय वंश राजकुलादि में उत्पन्न होता है तो बताओ कि उसके किस कर्मका उदय है ?

उत्तर ।

उच्च गोत्र कर्म का उदय है।

प्रश्न ८।

किसी के पास दानादिक की सामग्री होने पर भी (दान) दिया नहीं जाता और धन प्राप्त होने पर भी भोगा नहीं जाता तो बताओ कि उसके किस कर्म का उदय है ?

उत्तर ।

अन्तराय कर्म का उदय है।

पाठ ग्यारहवाँ।

—:*:*:—

किस कर्तव्य से जीव कर्मों से लिप्त होता है।

पंच आस्रवद्वार सेवन करने से जीव कर्मों से लिप्त होता है, सो वे ये हैं :—

१ प्राणातिपात—जीव हिंसा करे सो आस्रव।

२ मृषावाद—झूठ बोले सो आस्रव।

३ अदत्तादान—चोरी करे सो आस्रव।

४ मैथुन (स्त्री सेवन) करे सो आस्रव।

५ परिग्रह मेले—[धन धान्यादि इकट्ठा करे] सो आस्रव।

ये पंच आस्रवद्वार जीवों के कर्म लगने के द्वार हैं। उदाहरणार्थ:—

१ जिस प्रकार तालाब में नाले होते हैं, जिनके द्वारा उसमें पानी आता है, वैसे ही जीवरूपी तालाब के आस्रव रूपी नाले हैं जिनमें से कर्मरूपी पानी आता है।

२ जैसे हवेली में बारणा [दरवाजा] होता है जिसमें होकर मनुष्यादि आते हैं, वैसे ही जीवरूपिणी हवेली में आस्रव रूपी बारणा है जिसमें से कर्मरूपी मनुष्यादि आते हैं।

३ नावा [नाव] के छिद्र होते हैं जिनमें से उसमें पानी आता है। वैसे ही जीवरूपी नावा के आस्रव रूपी छिद्र हैं जिसमें से कर्मरूपी पानी आता है।

जीव और आस्रव की एकता।

जीव और आस्रव एक ही है, जैसे नालादि सर्व समुदाय मिल कर तालाव कहलाता है, तालाव और नाले अलग नहीं हैं। परन्तु नालों द्वारा जो पानी आता है वह अन्य वस्तु है। वैसे ही जीव और आस्रव एक ही हैं और आस्रवद्वार करके जो कर्म [पुद्गल] आकर जीव के लगते हैं वे अन्य वस्तु हैं (चार स्पर्श रूपी द्रव्य हैं)। इसी तरह हवेली और नावा का दृष्टान्त भी समझना चाहिये।

प्रश्न १—

पांच आस्रवद्वारों के नाम बताओ ?

उत्तर—

१ जीव हिंसा २ झूठ ३ चोरी ४ मैथुन ५ परिग्रह।

प्रश्न २—

एक विद्यार्थी ने किसी अन्य विद्यार्थी की पुस्तक चुराई तो बताओ कि उसने कौन आस्रवद्वार सेवन किया ?

उत्तर—

अदत्तादान, तीसरा आस्रवद्वार सेवन किया।

प्रश्न ३—

एक लड़के ने किसी अन्य लड़के को मारा और जब अध्यापक ने उससे पूछा तो वह बोला कि मैंने नहीं मारा तो बताओ कि उसने कौन आस्रवद्वार सेवन किया ?

उत्तर—

मृषावाद दूसरा आस्रवद्वार सेवन किया और जीव हिंसा प्रथम आस्रवद्वार की भी क्रिया उसको लगी।

प्रश्न ४।

एक लड़के को अच्छे कपड़े पहनने की बड़ी लालसा रहती है इसलिये नित्य नये-नये कपड़े बनवाता है तो बताओ कि वह कौन आस्रवद्वार सेवन करता है?

उत्तर।

पांचवां (परिग्रह) आस्रवद्वार सेवन करता है।

—:*o*:—

पाठ बारहवाँ ।

—:०:※:०:—

कषाय प्रकरण ।

कषाय उसे कहते हैं जो आत्मा को कसती यानी दुःख देती है ।

कषाय चार हैं :—

१ क्रोध—कोप वा गुस्से को कहते हैं ।

२ मान—अहंकार वा घमण्ड को कहते हैं ।

३ माया—छल, कपट वा दगा करने को कहते हैं ।

४ लोभ—लालच वा तृष्णा को कहते हैं ।

ये चारों ही कषायें पाप बंध के मुख्य कारण हैं और जीव को बहुत दुःख देनेवाले हैं ।

दशवैकालिक के आठवें अध्ययन की

४० वीं गाथा ।

कोहो अ माणो अ अणिग्गहीआ,

माया अ लोभो पवड्ढमाणा ।

चत्तारि एए कसिणा कसाया,

सिंचंतियि मूलाइ पुणप्भवस्स ॥ १ ॥

प्रश्न १ ।

कषायें कितनी हैं, उनके नाम बताओ ?

उत्तर ।

चार हैं:—क्रोध, मान, माया और लोभ

प्रश्न २

कषाय करने से क्या हानि होती है ?

उत्तर ।

जीव कर्मों से भारी होकर संसार पर्य्यटन करता है और वार २ जन्म-मरणरूपी वृक्ष के मूल को सींचता है।

प्रश्न ३ ।

विशेष लालची और बिशेष घमण्डी आदमी के किन २ कषायों का प्रबल उदय होता है ?

उत्तर ।

लोभ और मान इन दो कषायों का प्रबल उदय होता है।

—:※:—

पाठ तेरहवां।

गति प्रकरण

जीव की अवस्था वदलने को गति कहते हैं।

गति चार हैं:—१ नरक गति, २ तिर्यंच गति, ३ मनुष्य गति ४ देवगति।

१ नरक गति—इस पृथ्वी के नीचे सात नरक हैं, उन नरकों में वड़ा भारी दुःख है। उनमें रहनेवाले जीवों को रात दिन दुःख ही दुःख सहना पड़ता है, एक समय मात्र भी सुख नहीं मिलता। पशु वा मनुष्य मर कर जव इन नरकों में उपजते हैं तव उनको नरक गति को प्राप्त हुआ कहते हैं। इस गति के जीव पंचेन्द्रिय ही होते हैं। जो जीव मांस के लोलुप होकर जीवों का वध करते हैं नरक में परमाधामी देव सण्डसी (संडासे) से उनके शरीर का मांस चूंट २ (नोच) के खिलाते हैं। जो जीव झूठ वोलते हैं नरक में परमाधामी देव संडसी (संडासे) से उनकी जीभ वाहर निकालते हैं। जो जीव चोरी करते हैं उनको नरक में परमाधामी देव मुद्गरों से मार कर चूर्ण २ कर देते हैं। जो जीव परस्त्री के लम्पट होते हैं उनको नरक में परमाधामी देव अग्निवर्णी पुतली वना कर आलिंगन कराते हैं और विषय नजर से देखनेवालों की आंखों में अग्निवर्णी सलाका घुसेड़ते है। जो जीव लोभी होकर घर के धन्धे में रहते हैं उनको नरक में परमाधामी देव अग्निवर्ण रथ

बना कर उसके अग्निवर्ण झुसरा (जुआ) लगा कर उसमें जोतते हैं, इसी रीति से अनेक प्रकार के दुःख देते हैं और इसके अतिरिक्त दश प्रकार की अनन्त गुणी क्षेत्र वेदना नित्य सहनी पड़ती है। उदाहरणार्थ जैसे :—

एक शीत वेदनावाले नेरिये (नारकी) को मनुष्य लोक में पौष माघ महीने में हिमालय पर्वत के ऊपर रख दें तो उसको ऐसी निद्रा आ जाती है, मानो कोई मनुष्य शीतकाल में सोड (लिहाफ) ओढ़ कर आनन्द से सो गया हो। और उष्ण वेदनावाले नेरिये को मनुष्य लोक में धूम्र रहित अत्यन्त उष्ण खैरकाष्ठ की अग्नि में रख दें तो उसे बहुत आनन्द के साथ निद्रा आ जाती है, मानो कोई मनुष्य (उष्णकाल में) बहुत अच्छे मण्डप में छिड़काव करके सो गया हो। यह तो केवल दृष्टान्त मात्र है, किन्तु उनको सुख की प्राप्ति कभी होती ही नहीं, नेत्र स्फुर्के इतने समय तक भी उनको सुख नहीं मिलता।

२ तिर्यंच गति—स्थावर जीव, (अर्थात् पृथ्वी, अप, तेउ, वाउ और वनस्पति।) विकलेन्द्रिय जीव (अर्थात् बेइन्द्रिय, तेइन्द्रिय और चौइन्द्रिय) और तिर्यंच पंचेन्द्रिय (पशु, पक्षी इत्यादि) को तिर्यंच कहते हैं। जब कोई जीव मर कर इन योनियों में जन्म लेता है उसको तिर्यंच गति में उत्पन्न हुआ कहते हैं इस गति में एकेन्द्रिय, बेइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय और पंचेन्द्रिय सब जाति के जीव होते हैं।

३ मनुष्य गति—कोई जीव मर कर मनुष्य गति में उत्पन्न

होता है उसको मनुष्य गति में उत्पन्न हुआ कहते हैं। मनुष्य गति के जीव पंचेन्द्रिय ही होते हैं।

४ देव गति—कोई जीव मर कर देव लोक में उत्पन्न होता है उसको देव गति में उत्पन्न हुआ कहते हैं। देव गति के जीव भी पंचेन्द्रिय ही होते हैं। उनको अनेक प्रकार के उत्तम २ भोगोपभोग की सामग्री प्राप्त होती है और दिन रात सुख में मग्न रहते हैं।

५ मोक्ष गति—ऊपर कही हुई चार गतियों के अतिरिक्त पांचवीं मोक्ष गति भी होती है। जब कोई जीव सब कर्मों से मुक्त हो जाता है तब वह इस मोक्ष गति को प्राप्त होता है।

प्रश्न १।

गति कितनी होती हैं उनके नाम बताओ ?

उत्तर।

चार होती हैं—नरक गति, तिर्यंच गति, मनुष्य गति और देव गति। इन चार सांसारिक गतियों के अतिरिक्त पांचवीं मोक्ष गति भी होती है।

प्रश्न २।

सांसारिक गतियों में कौन गति सबसे अच्छी है और कौन सबसे बुरी है ?

उत्तर।

सबसे अच्छी मनुष्य गति है क्योंकि मनुष्य गति से जीव सर्व कार्य साधन कर मोक्ष गति को प्राप्त हो सकता है और सबसे बुरी नरक गति है किन्तु संसार में परिभ्रमण करने के लिये सबसे बुरी

तिर्यंच गति है क्योंकि तिर्यंच में गया हुआ जीव निगोद में अनन्त काल पर्यन्त जन्म मरण करता है और अनेक कष्ट सहता है।

प्रश्न ३।

नरक कितने होते हैं, वे पृथ्वी के ऊपर हैं या नीचे और वहां के रहनेवाले जीवों को सुख है या दुःख?

उत्तर।

नरक सात हैं, वे पृथ्वी के नीचे हैं, वहां के रहनेवाले जीव सब दुःखी ही हैं, सुखी कोई भी नहीं है।

प्रश्न ४।

बिल्ली, बैल, मच्छी, नारकी वृक्ष, मनुष्य, घोड़ा, बन्दर, कीड़ा और देव ये सब जीव किस २ गति के हैं।

उत्तर।

बिल्ली, बैल, मच्छी वृक्ष, घोड़ा, बन्दर और कीड़ा ये तिर्यंच गति के जीव हैं, नारकी नरक गति में हैं, मनुष्य मनुष्य गति में हैं, और देव देव गति में हैं।

प्रश्न ५।

एक गाय मर कर मनुष्य हो गयी तो बताओ कि वह पहिले किस गति में थी और फिर किस गति में चली गयी।

उत्तर।

पहिले तिर्यंच गति में थी और फिर मनुष्य गति में चली गयी।

पाठ चौदहवाँ ।

——:*:——

छः द्रव्य प्रकरण ।

छः द्रव्य ये हैं:—धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, काल, पुद्गलास्तिकाय और जीवास्तिकाय ।

१ धर्मास्तिकाय-इसका चलन साहाय्यगुण है अर्थात् जीव और पुद्गल को चलने फिरने में सहायता देता है ।

२ अधर्मास्तिकाय—इसका गुण स्थिरता है अर्थात् जीव और पुद्गल को स्थिर रखता है ।

३ आकाशास्तिकाय—इसका गुण भाजन है, जैसे पानी का भाजन घट होता है वैसे ही जीव और पुद्गल का भाजन आकाशास्तिकाय है क्योंकि सब पदार्थ आकाश में ही रहते हैं ।

४ काल—इसका गुण परिवर्तन है, सब जीव और अजीव पर काल वर्तता है, सेकेंड, मिनिट, घड़ी, पहर, दिन रात्रि इत्यादि सब काल के ही भेद हैं, काल वस्तु को नई और पुरानी करता है ।

५ पुद्गलास्तिकाय—इसका गलन मिलन स्वभाव है अर्थात् गलता है, सड़ता है, जलता है, लाल से काला होता है और काले से श्वेत हो जाता है इत्यादि ।

६ जीवास्तिकाय—इसका गुण चेतनता है, ज्ञान, दर्शन, चरित्र, तप, वीर्य और उपयोग ये सब जीव के लक्षण हैं ।

इन छः द्रव्यों में पांच (धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, काल और पुद्गलास्तिकाय) अजीव द्रव्य हैं और एक (जीवास्तिकाय) जीव द्रव्य है।

प्रश्न १।

धर्मास्तिकाय जीव के किस काम में आता है ?

उत्तर।

चलने फिरने के काम में आता है।

प्रश्न २।

अधर्मास्तिकाय जीव के किस काम में आता है ?

उत्तर।

सोने और बैठने के काम में आता है।

प्रश्न ३।

आकाशास्तिकाय जीव के किस काम में आता है ?

उत्तर

आकाशास्तिकाय के भीतर जीव और पुद्गल बसते हैं।

प्रश्न ।

काल जीव के किस काम में आता है ?

उत्तर।

कार्य करने के काम में आता है ?

प्रश्न ५।

पुद्गलास्तिकाय जीव के किस काम में आता है ।

उत्तर ।

खाने, पीने, पहिरने और ओढ़ने के काम में आता है।

प्रश्न ६ ।

लोक किसे कहते हैं ?

उत्तर ।

जिसमें छः द्रव्य विद्यमान हों, उसे लोक कहते हैं।

प्रश्न ७ ।

अलोक किसे कहते हैं ?

उत्तर ।

जिसमें आकाशास्तिकाय के अतिरिक्त और कोई द्रव्य न हो उसे अलोक कहते हैं।

पाठ पन्द्रहवाँ ।

नव पदार्थ प्रकरण ।

नव पदार्थ के नाम—१ जीव, २ अजीव, ३ पुण्य, ४ पाप, ५ आस्रव, ६ संवर, ७ निर्जरा, ८ वंध, ९ मोक्ष ।

१ जीव—इसका लक्षण चैतन्य है ।

२ अजीव—इसका लक्षण अचैतन्य है जिसे जड़ भी कह सकते हैं।

३ पुण्य—शुभ कर्म को कहते हैं, जिसके संयोग से जीव पुद्गलिक सुख भोगता है ।

४ पाप—अशुभ कर्म को कहते हैं, जिसके संयोग से जीव दुःख भोगता है ।

५ आस्रव—यह कर्म्मों को ग्रहण करता है ।

६ संवर—यह आते हुए कर्म्मों को रोकता है ।

७ निर्जरा—यह कर्म्मों को क्षयकर जीव को देशथकी (अंश से) उज्ज्वल करता है ।

८ वंध—जीव के जो शुभाशुभ कर्मों के समूह वंधे हुए हैं उसे वंध कहते हैं और जब वे कर्म जीव के रसोदय में आकर जीव को सुख और दुःख देते हैं उस समय पुण्य और पाप कहलाते हैं ।

९ मोक्ष—जीव जब सब कर्मों से मुक्त होकर सदा के लिए आत्मिक सुख को प्राप्त होता है और सांसारिक दुःखों से छूट जाता है यानी उस स्थान से फिर संसार में नहीं आता उसे मोक्ष कहते हैं ।

नव पदार्थों में जीव, आस्रव, संवर, निर्जरा और मोक्ष ये पांच तो जीवपदार्थ हैं और अजीव, पुण्य, पाप और बंध ये चार अजीव पदार्थ हैं ?

प्रश्न १।

छः द्रव्य में जो पांच अजीव द्रव्य हैं वे नव पदार्थ के किस पदार्थ में हैं।

उत्तर।

अजीव पदार्थ में हैं।

प्रश्न २।

पुण्य, पाप और बंध, छः द्रव्यों में से किस द्रव्य में हैं ?

उत्तर

पुद्गलद्रव्य में हैं।

प्रश्न ३

अजीव में कितने द्रव्य हैं ?

उत्तर।

पांच द्रव्य हैं, धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय आकाशास्तिकाय, काल और पुद्गलास्तिकाय।

प्रश्न ४।

पुण्य, पाप और बंध में कितने द्रव्य हैं ?

उत्तर—

एक पुद्गल द्रव्य है।

प्रश्न ५ ।

पुद्गल द्रव्य नव पदार्थों में से कितने पदार्थों में है ?

उत्तर ।

अजीव, पुण्य, पाप और बंध इन चार पदार्थों में है ।

प्रश्न ६ ।

जीव द्रव्य कितने पदार्थों में है ?

उत्तर ।

जीव, आस्रव, संवर, निर्जरा और मोक्ष इन पांच पदार्थों में है ।

प्रश्न ७ ।

आस्रव पदार्थ जीव है या अजीव ।

उत्तर ।

जीव है, कर्म ग्रहण करने के द्वार है ।

सामायक पारनेकी पाटी ।

—:*०*:—

नवमा सामायक विरमण व्रत के विषे ज्यो कोई अतिचार दोष लागो हुवे ते आलोऊं। सामायक अणपूरी पारी होय, पारवो विसाऱ्यो होय, मन, वचन, काया का जोग माठा प्रवर्ताया होय सामायक में राजकथा, देशकथा, स्त्री-कथा : भत्त-कथा करी होय तस्स मिच्छामि दुक्कडं ।

उपदेशिक ढालें।

ढाल १ ली।

(देशी—जब वक्त पड़ा तब कोई नहीं)

अब मोह नींद से उठ चेतन, क्यूं भूल रहा जोवन धन में।
तेरे सुख के साथी मात पिता, सुत बन्धव सोच जरा मन में॥
नर जन्म अमूल्य मिला तुझको, क्यों सोय रहा सुख चैनन में।
कर ले अबतो सतसंग जरा, समझाय रहे गुरु सैनन में॥१॥
तेरा कुटुम्ब कबीला स्वारथ का, बिन स्वारथ देत दगा खिन में।
यह चांदनी चेतन दो दिन की, बिन काम लुभाय रहा किन में॥२॥
दिन खेल कूद में खोय दिया, नहीं धर्म्म किया बालापन में।
प्रभु का गुन गान किया न कभी, विषया वश हो भर जोवन में॥३॥
हय हाथी ऊपर केल करा, रंगरेल करा चढ़ स्यंदन में।
चरचा तन केसर चन्दन में, नहीं चित्त दिया गुरु वन्दन में॥४॥
अब वृद्ध भया कच श्वेत भया, कफ वाय ने घेर लिया छिन में।
तेरी डगमग नाड़ी डोल रही, मनु कम्पन वाय हुवा तन में॥५॥
गये रावण विक्रम भोज बली, प्रजली मनु होरी फागन में।
उस मौज का खोज रहा न रत्ती, नर तूं भूली किस बागन में॥६॥
दया धर्म्म का संग्रह तूं कर ले, धर ले गुरु शिक्षा कान-न में।
कहा सोहन उत्तम धर्म्म यही, जिन आगम वेद पुरानन में॥७॥

अथ श्री नवकारनो छन्द ।

सुख कारण भवियण, समरो नित नवकार ।
जिन शासन आगम, चौदह पूरवनो सार ॥ १ ॥

ए मन्त्रनी महिमा, कहितां न लहुं पार ।
सुरतरु जिम चिन्तित, वंछित फल दातार ॥ २ ॥

सुर दानव मानव, सेवा करै कर जोड़ ।
भुवि मण्डल विचरै, तारै भवियण कोड़ ॥ ३ ॥

सुरछंन्दे विलसै, अतिशय जास अनन्त ।
पद पहिले नमिये, अरिगञ्जन अरिहन्त ॥ ४ ॥

जे पन्द्रह भेदे सिद्ध थया भगवन्त ।
पञ्चमी गति पहोंता, अष्ट कर्म करि अन्त ॥ ५ ॥

कल अकल स्वरूपी पञ्चानन्तक देह ।
जिनवर पाय प्रणमूं, बीजे पद वलि एह ॥ ६ ॥

गच्छभार धुरन्धर, सुन्दर शशिहर शोभ ।
करै सारण वारण, गुण छत्रीसे थोभ ॥ ७ ॥

श्रुत जाण शिरोमणि, सागर जिम गम्भीर ।
तीजै पद नमिये, आचारज गुणधीर ॥ ८ ॥

श्रुतधर गुण आगर, सूत्र भणावै सार ।
तप विधि संयोगे, भाखै अर्थ विचार ॥ ९ ॥

मुनिवर गुण युक्ता, कहिये ते उवज्झाय ।
पद चौथे नमिये, अहो निशि तेहना पाय ॥ १० ॥

पंचास्रव टाले, पालै पञ्चाचार।
तपसी गुणधारी, वारे विषय विकार ॥ ११ ॥
त्रस थावर पीयर, लोक माहीं जे साध।
त्रिविधे ते प्रणमुं परमारथ जिणे लाध ॥ १२ ॥
अरि करि हरि सायणि, डायणि भूत बैताल।
सवि पाप पणासे, बाधे मंगल माल ॥ १३ ॥
इण समरयाँ संकट दूर टले तत्काल।
इम जंपै जिन प्रभु, सूरि शिष्य रसाल ॥ १४ ॥

—:※:—

श्री पञ्च परमेष्टि को स्तवन।

दोहा

पांच पद परमेश्वरु, मोटा महागुणखाण।
सर्व लोक में सार ए, विधसूं करूं वखाण ॥ १ ॥
पहिले पद अरिहन्त भजो दूजै सिद्ध दयाल।
आचार्य तीजै आख्यो, चौथे उपाध्याय भाल ॥ २ ॥
साध सकल पद पंचमें, समर्‌यां शिव सुख होय।
गुण गाऊं ए ओलखीं, सूत्र स्हामो जोय ॥ ३ ॥
पांच पदां में गुण घणा, पूरा कह्या न जाय।
नहीं पहोंचे नर नारियां, इन्द्र कहत थक जाय ॥ ४ ॥
पिण थोड़ा सा प्रकट करूं, ल्हेश मात्र लिव लाय।
गुणमाला गुणवन्तरी, समरूं हूं सुखदाय ॥ ५ ॥

ढाल

बीस विहरमान सदा शाश्वता, जघन्य पदे परिमाणं।
सौ साठ ने नित २ नमियै, उत्कृष्टे पद आणं॥
भवियण नमो अरिहन्ताणं, नमो सिद्ध निरवाणं॥
मन शुद्ध करने भजिये भवियण ते पामैं कल्याणं॥भ०॥ १॥
अनन्त ज्ञान दर्शण चारित्र तप, बल कर अनन्त आणन्दा॥
एक सहस्र आठ लक्षण विराजै सेवत चौठ इन्दा॥ २॥
चौतीस अतिशय अति शोभता, बहु विस्तार बखाणं॥
पंच तीस प्रकार करीनें तारै जीव अज्ञाणं॥ ३॥
दश आठ दोषण टाला बारै गुणवाला, सुरेन्द्र सूं अति रूपाला।
वाण विशाला समझै वृद्ध बाला, कट जावै कर्म पूराला॥ ४॥
नाम स्थापना द्रव्य निक्षेपो, चौथो भाव पिछाणं॥
भाव भगवन्त ने नित २ नमिये, ते पामें कल्याणं॥ ५॥
नमो कहतां नमस्कार छै, अरि कहतां कर्म कटाणं॥
हंता कहतां हणिया अरिहन्त, ते पाया निरवाणं॥ ६॥
कर करणी कर्मा ने काट्या, पाया सिद्ध निरवाणं॥
जन्म जरा दुःख मेट दिया सर्व, नहीं कोई आवण जावणं॥ ७॥
सिद्धजी आठ गुणा कर शोभै, अतिशय गुण इकतीसा॥
कर्म विदार्‌या कारज सार्‌या, जीता रागनें रीसा॥ ८॥
अवर्ण अगंध अरस अफर्श, नहीं जोग लेश आहारं॥
अनन्त सुख आत्मीक सोहै, सिद्ध सदा सिरदारं॥ ९॥

नमो कहतां नमस्कार छै, सिद्धाणं कारज सार्‌या ॥
सुख शाश्वता सदा काल छै, आवागमण निवार्‌या ॥ १० ॥
छतीस गुणे करी शोभ रह्या छै, आचारज अणगारा ॥
निश दिन चरचा न्याय वतावै, गुण कर ज्ञान भण्डारा ॥ ११ ॥
धर्माचार्य धुरा धुरन्धर मोटा मुनिवर म्हांरा ॥
भरत क्षेत्र में भिक्षु शोभ्या, शिष्य भारीमाल सिरदारा ॥ १२ ॥
गुणरा आगर बुद्धिरा सागर, मोटा मुनि मुनिन्दा ॥
साधां मांही शोभ रह्या छै, जिम तारां विच चन्दा ॥ १३ ॥
अङ्ग इग्यारह उपांग वारह, भणै भणावै सारा ॥
पचीस गुणा कर शोभ रह्या छै, उपाध्याय अणगारा ॥ १४ ॥
जघन्य दोय सहंस कोड़ जाभ्हेरा, उत्कृष्टा नव सहंस कोडं ॥
अढाई द्वीप पनरै क्षेत्रां में, मुनीश्वरां रा जोडं ॥ १५ ॥
वारह आठ छतीस पचीसा, साधु सतावीस गुणवाला ॥
एकसौ ने आठ गुणारी, ए गाथो गुण माला ॥ १६ ॥
दोष बयालीस वहरत टालै, वावन टालै अणाचारा ॥
पांच दोष मंडला रा टालै, गुण कर ज्ञान भण्डारा ॥ १७ ॥
पांच पद परमेश्वर पूरा गुण ओलखे ने गावो ॥
सम्यक सहित व्रत पालने, आवागमण मिटावो ॥ १८ ॥
समत अठारह वर्ष गुण साठे आषाढ़ जाणीज्यो मासं ॥
गुण गाया छै पांच पदां रा, शहर पीसांगण चौमासं ॥ १९ ॥

—:०:*:०:—

पच्चीस बोल ।

जैन धर्म के सिद्धान्तों को जानने के लिये ये सारे बोल प्रवेशिका रूप हैं। इन्हें याद करने और इन्हें समझ कर धारणा कर लेने से सहज में जैन-धर्म के रहस्य हृदयङ्गम किये जा सकते हैं। ज्यामिति की जैसे परिभाषा, स्वतः सिद्ध, स्वीकार्य्य आदि जानना जरूरी है—व्याकरण की जैसे परिभाषा जानना आवश्यक है वैसे ही जैन-धर्म के जिज्ञासु को इन सब बोलों से परिचित होना अत्यावश्यक है। यद्यपि ये सारे बोल जैन धर्म के पाठकवर्ग के लिये प्रवेश द्वार स्वरूप हैं तथापि जैनेतर धर्मवाले भी विचार पूर्वक देखेंगे तो इनमें सनातन विज्ञानसम्मत सत्य की ही झलक पावेंगे।

पहिला बोल

गति ४—नरक गति, तिर्यंच गति, मनुष्य गति व देव गति।

व्याख्या

समस्त सांसारिक जीव इन चारों गतियों में ही पाये जाते हैं। इनके अतिरिक्त एक गति और है वह संसार-मुक्त जीवों की—मोक्ष गति। समुच्चय रूप से जीव पांच गतियों में है और सांसारिक जीव ४ गतियों में। मुक्त जीव याने मोक्ष गति के जीव फिर संसार में नहीं आते क्योंकि उनका कोई कर्म अवशेष नहीं रहा—वे कर्म-रहित होकर मुक्त हो गये हैं। जब तक कर्मक्षय नहीं हुआ तब तक संसार भ्रमण का अंत भी नहीं हुआ।

दूसरा वोल

जाति ५—(१) एकेन्द्रिय (२) वेइन्द्रिय (द्वीन्द्रिय) (३) ते-इन्द्रिय (त्रीन्द्रिय) (४) चौइन्द्रिय (चतुरिन्द्रिय) (५) पंचेन्द्रिय।

व्याख्या

ऊपर में जैसे सांसारिक जीव की ४ गतियां वतलाई वैसे ही सांसारिक जीव एक वा ततोधिक इन्द्रियवाला हो सकता है अतः एक से लगा कर पांच इन्द्रिय तक धारण करनेवाले एकेन्द्रियादि पांच प्रकार ऊपर वतलाये हैं। मोक्ष को प्राप्त हुए जीवों के कोई इन्द्रिय नहीं है, अतः उन्हें "नोइन्द्रिया" कहते हैं।

तीजा वोल

काया ६—(१)पृथ्वीकाय (२) अपूकाय (३) तेउकाय (तेजस्काय) (४) वायुकाय (५) वनस्पतिकाय (६) त्रसकाय।

व्याख्या

साधारणतया सांसारिक जीव त्रस (चलने फिरने वाले) और स्थावर (एक ही जगह स्थिर रहनेवाले) इन दो विभागों में विभक्त हैं। परन्तु स्थावर जीव पृथ्वीकाय अपूकाय तेउकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय ये पांच तो एकेन्द्रिय है और त्रसकाय द्वीन्द्रिय से लगा कर पंचेन्द्रिय तक हैं। मुक्त जीव को "अकाइया" याने काया रहित कहते है।

चौथा बोल

इन्द्रिय पांच—(१) श्रोत्र इन्द्रिय (२) चक्षुः इन्द्रिय (३) घ्राण इन्द्रिय (४) रस इन्द्रिय (५) स्पर्श इन्द्रिय ।

व्याख्या

प्रत्येक सांसारिक जीव के कम से कम एक और अधिक से अधिक पांच ही इन्द्रियां होती हैं। संपूर्ण विकासप्राप्त मनुष्य, पशु, पक्षी, सर्पादि तथा नारकी और देवताओं में पांचों इन्द्रियां रहती हैं। उनसे नीचे स्तर के जीव में किसी में ४ किसी में ३ और किसी में २ ही इन्द्रियां रहती हैं। इन्द्रियों का जो यह क्रम रखा गया है वह भी विज्ञान-सम्मत है। केवली भगवान ने अपने अपूर्व केवल ज्ञान से समस्त लोकालोक का भाव देख कर यह क्रम बताया है। श्रोत्रेन्द्रिय याने कान सब से अधिक विकसित जीवों में ही मिलेगा। जिनके कान हैं उनके चक्षु, नासिका, जिह्वा और शरीर (त्वक्) जरूर होंगे ही। जैनसिद्धान्त के अनुसार ४ इन्द्रियां मात्र जिन जीव के हैं उनके कान नहीं होते जैसे मक्षिका, मशक, पतंग आदि के। इनके चक्षुः, घ्राण, रस, स्पर्श की इन्द्रियां हैं, पर श्रोत्रेन्द्रिय नहीं है। वैसे ही जिनके सिर्फ ३ इन्द्रियां याने घ्राण, रस स्पर्श हैं उनके चक्षुः व श्रोत्र नहीं है जैसे पिपीलिका आदि के। और जिनके दो ही इन्द्रियाँ रस और स्पर्श हैं उनके बाकी तीन इन्द्रियां नहीं होतीं। जैसे कृमि आदि के। यह जो क्रम श्रोत्र, चक्षुः घ्राण, रस, स्पर्श का रखा है वह क्रमशः नीचे स्तर के

जीवों में कमता जाता है। इस क्रम के अनुसार यह निर्विवाद कहा जा सकता है कि सिर्फ श्रोत्र व स्पर्श इन्द्रिय युक्त प्राणी हो नहीं सकता। अथवा चक्षुः और स्पर्श इन्द्रिय वाला। अथवा श्रोत्र व चक्षुः मात्र वाला। एकेन्द्रिय जीव के सिर्फ स्पर्श इन्द्रिय याने शरीर मात्र होगा। वह तो जीव की सब से निम्नतम विकासा-वस्था है। मृत्तिका प्रस्तर, स्वर्ण, रौप्य, रत्न, नमक आदि पृथ्वी काय में सिर्फ शरीर है। उनके केवल मात्र स्पर्शेन्द्रिय है। उनके न तो जिह्वा है, न नाक, न आंख और न कान; वैसे ही जल, शिशिर, हिम आदि जलमय जीव के भी केवल तत्तत् शरीर ही है। और कोई इन्द्रियां नहीं। तेउकाय—अग्निस्फुलिंग आदि तेजो-कायक जीव के एक मात्र तेजस्काय-स्पर्शेन्द्रिय मात्र है। वायु—हर तरह की जो पवन है उसमें भी स्पर्शेन्द्रिय मात्र है, दूसरी कोई इन्द्रिय नहीं। वृक्ष, लता, पत्र, फल-फूल आदि सब वनस्पतिकाय के जीव में भी एक मात्र स्पर्शेन्द्रिय ही है। इन पांचों स्थावर जीवों में एक मात्र स्पर्शेन्द्रिय ही है। त्रस जीव में यथाक्रम २।३।४।५ इन्द्रियां हो सकती हैं।

पांचवां बोल

पर्य्याय ६—(१) आहार पर्य्याय (२) शरीर पर्य्याय (३) इन्द्रिय पर्य्याय (४) श्वासोश्वास पर्य्याय (५) भाषा पर्य्याय (६) मन पर्य्याय।

व्याख्या

सांसारिक जीव के क्रमविकास के स्तर में यह पर्य्याय कम से कम ३।। और अधिक से अधिक ६ तक होता है। संपूर्ण विकसित पंचेन्द्रिय मनुष्य व पशुपक्षी आदि के ६ पर्य्याय होते हैं। संमुछिम असन्नी मनुष्य में केवल मात्र ३।। पर्य्याय होते हैं क्योंकि उनकी आयु इतनी अल्प है कि वे जन्मे बाद श्वास लेते हैं तो उश्वास लेने के पहले ही मर जाते हैं। ४८ मिनिट (एक मुहूर्त) में ऐसे जीव ६५५३६ भव तक कर लेते हैं याने वे जन्मते हैं और मरते हैं, फिर जन्मते और फिर मरते जाते हैं। जीव जब एक जगह मरके दूसरी जगह जन्मता है तब पहिले आहार ग्रहण करता है। यह जो सर्व प्रथम उत्पत्ति की पूर्वकालीन-आहार-ग्रहण शक्ति है वही आहार पर्य्याय है। आहार ग्रहण किये बाद उस आहार के कारण उनके शरीर की रचना होती है याने आकृति अथवा अवयव होता है। उसे शरीर पर्य्याय कहते हैं। शरीर के बाद इन्द्रियां बनती हैं, उसे इन्द्रिय पर्य्याय कहते हैं। इन्द्रियां बने बाद उसमें श्वासोश्वास की क्रिया होती है। यह श्वासोश्वास पर्याय है। श्वासोश्वास के बाद वह बोलने लगता है यह उसका भाषा पर्य्याय है और अंत में उसके "मन" होता है याने चिंतन शक्ति आती है, यह मन पर्याय है।

छट्ठा बोल

प्राण १०—(१) श्रोत्रेन्द्रिय बल प्राण (२) चक्षुरिन्द्रिय बल प्राण (३) घ्राणेन्द्रिय बल प्राण (४) रसेन्द्रिय बल प्राण (५) स्पर्शेन्द्रिय बल

प्राण (६) मनबल प्राण (७) वचन बल प्राण (८) काया बल प्राण (९) श्वासोश्वास बल प्राण (१०) आयुष्य बल प्राण ।

व्याख्या

प्रत्येक सांसारिक जीव के कम से कम ४ प्राण तो होते ही हैं। यह केवल स्थावर जीवों के लिये है। एकेन्द्रिय स्थावर के (१) स्पर्शेन्द्रिय बल प्राण (२) काया बल प्राण (३) श्वासोश्वास बल प्राण (४) आयुष्यबल प्राण यह ४ प्राण ही हैं। नारकी देवता गर्भज मनुष्य व तिर्यञ्च में १० प्राण ही रहते हैं। द्वीन्द्रिय में एकेन्द्रिय के ४ प्राण के अलावे रसेन्द्रियबल प्राण व वचनबल प्राण बढ़ के कुल ६ प्राण हुए। त्रीन्द्रिय में ७ प्राण-घ्राणेन्द्रियबल प्राण और बढ़ के कुल ७ प्राण हुए। चतुरिन्द्रिय में चक्षुरिन्द्रियबल प्राण बढ़ के कुल ८ प्राण हुये। यह प्राण का भेद जीवनी-शक्ति का भेद है। चैतन्यमय जीव के जिस-जिस प्रकार की जीवनी-शक्ति का विकास वा तारतम्य है उसी मुजब प्राण भी कम-वेशी है। इसीलिये एकेन्द्रिय स्थावरों में स्पर्शेन्द्रिय, काया श्वासोश्वास और आयुष्य छोड़ और कोई प्राण व जीवनी शक्ति नहीं है। कम से कम ४ प्राण हो सकते हैं। इससे कम प्राण किसी भी जीव में संभव है नहीं। सिर्फ यह बात ध्यान में रखने लायक है कि त्रयोदश गुणस्थानवर्त्ती सयोगी केवली अवस्था में केवल (१) मनबल प्राण (२) वचनबल प्राण (३) कायाबल प्राण (४) श्वासोश्वासबल प्राण और (५) आयुष्यबल प्राण यह ५ प्राण हैं। और चतुर्दश गुण स्थानवर्ती अयोगी केवली अवस्था में सिर्फ आयुष्यबल प्राण ही है। क्योंकि इस अवस्था के बाद ही मुक्ति

पधार जाते हैं। यह सब गहन बातें ज्यों-ज्यों आगे बढ़ेंगे मालूम होंगी, यहां तो एक दिग्दर्शन मात्र कराया गया है।

सातवां बोल

शरीर ५—(१) औदारिक (२) वैक्रिय (३) आहारक (४) तैजस (५) कार्मण।

व्याख्या

सांसारिक जीव मात्र के शरीर होता ही है। मुक्त जीव याने सिद्धों के शरीर नहीं होता वे अशरीरी हैं।

साधारण मनुष्य पशु-पक्षी आदि के दृश्यमान शरीर को औदारिक कहते हैं।

नारकी व देवता का शरीर इच्छानुरूप हो सकता है, एक ही प्रकार का शरीर दृश्यमान नहीं रहता। वे जब चाहें तब अपने शरीर को रूपान्तरित कर सकते हैं और वह शरीर मनुष्य के न्याय हाड़मांस चर्म का नहीं होता उनके शरीर को वैक्रिय शरीर कहा जाता हैं।

आहारक शरीर तो केवल परमर्द्धिक लब्धिधारी मुनिराज अपने शरीर से—अपने लब्धि बल से बना कर किसी इप्सित प्रश्न का उत्तर लेने वास्ते भगवान् के पास भेजते हैं। यह एक प्रकार का शक्ति विशेष द्वारा कृत छोटा मनुष्याकार जीव होता है जो फिर इप्सित प्रश्न का उत्तर लाये बाद मूल शरीर में सम्मिलित हो जाता है। मनुष्य छोड़ कर दूसरा कोई आहारक शरीर नहीं बना सकता और मनुष्य शरीर से उद्भूत यह शरीर फिर उसी में आकर मिल जाता है इसलिये आहारक शरीर केवल मनुष्य में ही होता है ऐसा कहा जाता है। तैजस और

कार्मण शरीर प्रत्येक संसारी जीव के होता ही है। तैजस शरीर प्रत्येक संसारी जीव के भीतर जो तेजः याने पाचन शक्ति, गरमाई रहती इसका नाम है और कर्म जबतक शरीर के साथ संबंधित है तबतक उसमें कार्मण शरीर है। जब कर्ममुक्त सिद्ध हो जाते हैं तब उसके कोई भी शरीर की जरूरत नहीं और न कोई शरीर-बंधन का कारण ही मौजूद रहता है।

आठवां बोल

योग १५—मन के ४—(१) सत्य मन योग (२) असत्य मन योग (३) मिश्र मन योग (४) व्यवहार मन मोग।

वचन के ४—(१) सत्य भापा (२) असत्य भापा (३) मिश्र भापा (४) व्यवहार भापा।

काया का ७—(१) औदारिक (२) औदारिक मिश्र (३) वैक्रिय (४) वैक्रिय मिश्र (५) आहारक (६) आहारक मिश्र (७) कार्मण योग।

व्याख्या

संसार में समस्त कार्य करते समय मन, वचन या काया का सहारा लिया जाता है। इनमें एक दो या तीनों के सहारे से समस्त कार्य संपादित होता है। मन वचन व काया के साहाय्य को "योग" बतलाया गया है। इनका फिर प्रभेद ४।४।७ है सो ऊपर कहा जा चुका है। इनका विस्तृत ज्ञान क्रमशः अधिक अध्ययन व मनन से ही होगा।

नवमां बोल

उपयोग १२। ज्ञान का ५—(१) मति ज्ञान (२) श्रुति ज्ञान (३) अवधि ज्ञान (४) मनपर्यव ज्ञान (५) केवल ज्ञान।

अज्ञान ३ —(१) मति अज्ञान (२) श्रुति अज्ञान (३) विभंग अज्ञान।

दर्शण ४—(१) चक्षुदर्शण (२) अचक्षु दर्शण (३) अवधि दर्शण (४) केवल दर्शण।

व्याख्या

ऊपर योग के विषय में कहा जा चुका है कि प्रत्येक कार्य्य करने में एक वा ततोधिक योग की जरूरत रहती है। और साथ २ तद्विषयक विचारना, चिंतन या मनन के लिये ज्ञान व दर्शण की जरूरत होती है। ज्ञान व दर्शण के विभिन्न भेदों को लेकर १५ भाग किये गये हैं। सम्यक्ती याने शुद्ध श्रद्धावाले का जो ज्ञान है उसे ज्ञान कहते हैं और मिथ्यात्वी याने अशुद्ध श्रद्धावाले का जो जानना है उसको जैनशास्त्र में अज्ञान ही कहा है। ज्ञान व दर्शण में यह भेद है कि दर्शण से वस्तु का सामान्य परिचय होता है और ज्ञान के सहारे उसका विशेष हाल मालूम होता है। ज्ञान के जो पांच भेद हैं उनमें मतिज्ञान अपनी (स्वमति)—बुद्धि के सहारे जो जानना वह मतिज्ञान, शास्त्रों से या गुरुउपदेश से जो जानना वह श्रुति ज्ञान। अवधि ज्ञान एक विशिष्ट ज्ञान है जो नारकी देवताओं में तो होता ही है, मनुष्य में भी किसी-किसी में होता है जो उच्च दरज पर पहुंच गये हों। कोई-कोई गर्भज तीर्यंच में भी अवधि ज्ञान का होना

संभव है मनः पर्यव ज्ञान से दूसरों के मन की बात तक जानी जाती है—और मनः पर्यव ज्ञान तो केवल मात्र मनुष्य गति में उन्हीं पुण्यात्मा महात्माओं में होता है जो अपनी साधना व तपस्या से बहुत ही ऊँचे श्रेणी में पहुंच गये हों। अवधि-ज्ञान से बहुत दूर के, बहुत काल के पदार्थादि स्वर्ग नरक के द्रव्यादि तक जाने जाते हैं। केवल ज्ञान तो सिद्धिगामी मनुष्य को ही होता है। केवल ज्ञान से तो भूत, भविष्यत्, वर्तमान के समस्त विषय और तीनों ही लोकों का हाल जाना जाता है।

तीन अज्ञान क्रमशः ठीक पहले ३ ज्ञान के माफिक ही हैं सिर्फ वह मिथ्यात्वी होने के सबब उनका जानना अज्ञान पर्य्याय में ही रखा गया है।

दर्शण चार प्रकार के हैं—उनमें जो चक्षु से देखा जाता है वह चक्षु दर्शण। चक्षु छोड़ अन्येन्द्रिय से जो वस्तु विवेक होता है वह अचक्षु दर्शण, अवधि दर्शण से दूर दूरान्तर की—हजारों लाखों योजन की वस्तु दिखाई पड़ती है। केवल दर्शण से समस्त काल की, समस्त जगत की वस्तु नजर में आती है।

दशवां बोल

कर्म ८—(१) ज्ञानावरणीय (२) दर्शणावरणीय (३) वेदनीय (४) मोहनीय (५) आयुः (६) नाम (७) गोत्र (८) अन्तराय।

व्याख्या

संसारी जीव कर्मों के कारण ही नाना गतियों में परिभ्रमण कर जन्म मृत्यु प्राप्त करते हैं। जैन शास्त्रों में कर्मों को ८ प्रकार का बतलाया है। उनकी विभिन्न प्रकृति स्थिति आदि का परिचय अधिक पठन से क्रमशः मिलेगा।

ज्ञानावरणीय कर्म से जीव को ज्ञान नहीं उपजता।

दर्शनावरणीय कर्म से वस्तु का विवेक नहीं होता।

वेदनीय कर्म से सुखदुःख का अनुभव होता है।

मोहनीय कर्म से जीव सांसारिक जीवाजीव पर मोहित व आसक्त होकर संसार परिभ्रमण करे और सत्य श्रद्धा न हो।

आयुष्य कर्म से जीव का आयुष्य बंधन होता है। आयुः कर्मक्षय न होने से जीव संसार से छूट नहीं सकता।

नाम कर्म से जीव नाना प्रकार गति, जाति शरीर आदि प्राप्त करता है।

गोत्र कर्म से ऊँचनीच गोत्र पाता है।

अन्तराय कर्म से भली वस्तु की प्राप्ति नहीं होती, दान नहीं दे सकता, भोग-उपभोग नहीं कर सकता, बलवीर्य्य नहीं होता।

ये सारे कर्म कैसे बंधते हैं इसका संक्षेप दिग्दर्शन कराया जाता है:—

ज्ञान तथा ज्ञानवन्त के अविनीत होने से, उनकी निंदा करने से, अवज्ञा करने से, गोपन करने से, उनसे अन्तराय देने से, उनसे द्वेप करने से, उनकी अवहेलना करने से ज्ञानावरणीय कर्म बन्धता है। इसलिये सबको चाहिये कि ज्ञान व ज्ञानी के प्रति विनीत हो, उनकी

प्रशंसा करे, उनको बहु मान देवे. लोगों को उनसे परिचित करावे।

ज्ञान की तरह दर्शन तथा दर्शनवन्त के विपरीताचरण करने से हेलना, निंदना, गोपन करने से, अन्तराय देने से अवज्ञा करने से दर्शनावरणीय कर्म बन्धता है। इसलिये किसी को ऐसा न करना चाहिए।

वेदनीय कर्म—परजीवों को दुःख देने से, शोक उपजाने से रोवाने से, प्रहार करने से, अनुकम्पन करने से, अशाता वेदनीय कर्म उपार्जन होता है जिससे जीव दुःख पाता है। इसके विपरीत जीव की अनुकंपा करने से अर्थात् जीव को दुख न देने से, शोकग्रस्त न करने से, न झुराने से, न रुलाने से, न पीटने से, न मारने से, सातावेदनीय कर्म उपार्जन होता है जिससे जीव सुख पाता है।

मोहनीय कर्म—तीव्र क्रोध से, तीव्र मान से, तीव्र माया से, तीव्र लोभ से, हास्य से, असंयम से अनुराग से, संयम से विराग से, भय से, शोक से, घृणा से, स्त्री पुरुष नपुंसक पर अभिलाष वा आसक्ति से इत्यादि ऐसे नाना कारणों से मोहनीय कर्म उपार्जन होता है। इस कर्म की स्थिति सब कर्मों से अधिक बतलाई है। अतः क्रोध, मान, माया, लोभादि समस्त उपरोक्त दुर्गुण छोड़ने चाहिए।

आयुष्य कर्म के ४ भेद हैं—नरकायुः, तीर्यञ्चायुः, मनुष्यायुः, देवायुः। महा—आरंभादि से, महापरिग्रह (धनधन्यादि का संग्रह व उस पर मूर्छा से), पंचेन्द्रिय जीव का वध व मांसाहार से नरकायुः का बंध होता है इसलिये ये सब कार्य बिलकुल न करने चाहिए। कपटाचार, कपटाचार छिपाने के लिये गूढ कपट,

मिथ्या बोलने व झूठा तोलने, झूठा मापने से—तीर्यञ्चायुः बंधता है जिन्हें द्वीन्द्रिय से लेकर पशु पक्षी आदि तीर्यञ्च गति में नहीं उपजना हो उन्हें कदापि कपटता व मिथ्या का आश्रय न लेना चाहिए।

मनुष्यायुः ४ प्रकार से उपार्जन होता है—स्वभाव का विनीत, स्वभाव से सरल, दयावान्, और अमत्सर भाव याने दूसरों का गुण सहन कर सकने से मनुष्यायुः बंध होता है। जब कि मनुष्य भव समस्त गतियों में श्रेष्ठ है, जब कि मनुष्य भव छोड़ कर दूसरे गतियों में धर्म करने की सहूलियत नहीं है, जब कि मनुष्य गति से ही मुक्ति मिलती है तब मनुष्यायुः बंध का ४ मुख्य उपाय हर एक आत्म-हितेच्छु व्यक्ति को ग्रहण करना चाहिये अर्थात् सरल, विनीत, दयालु, व गुणग्राहक होना चाहिए। लोकोत्तर अर्थात् मोक्ष साधन के ये ही सब उपाय हैं और संसार में भी इन उपायों से उन्नति अनिवार्य है।

देवायुः ४ प्रकार से बंधती है—सराग संयम पालने से, श्रावक-पणा से, अज्ञान तपस्या से, अकाम निर्जरा से।

नाम कर्म के दो भेद—शुभ नाम और अशुभ नाम। शुभ नाम कर्म ४ प्रकार से बंधता है—(१) काया से सरल अर्थात् शरीर से किसी को ठगे नहीं (२) भाव सरल (३) भाषा सरल (४) अविस-मवाद योग (जैसा करे वैसा ही बोले।)

अशुभ नाम कर्म ४ प्रकार से बंधता है—काया से दूसरे को ठगे,

भाव के असरल (कुटिल) भाषा के असरल, विषमवाद योग करे (करना व कहना दोनों पृथक्)।

शुभनाम कम से सांसारिक सब अच्छा संयोग मिलता है अतः किसी को अशुभ नाम कर्म बंधन करनेवाले आचरण नहीं करने चाहिए।

गोत्र कर्म के दो भेद—उच्च गोत्र और नीच गोत्र। उच्च गोत्र कर्म ८ प्रकार से बंधता है—१ जाति २ कुल ३ बल, ४ रूप ५ तपस्या, ६ सूत्र, ७ लाभ ८ प्रभुता इन सबका मद, अहंकार, गर्व न करने से और इसके विपरीत इन सब चीजों को पाकर उसका मद, अहंकार गर्व करने से नीच गोत्र कर्म बंधता है। जिन्हें उच्च गोत्र से प्रेम है उन्हें कदापि अपनी जाति, कुल, बल, प्रभुता आदि का अहंकार न करना चाहिये।

अन्तराय कर्म—दान, लाभ, भोग, उपभोग व शक्ति की अंतराय देने से जीव इन सब को प्राप्त नहीं होता, अतः, किसी को दान देते, भोग भोगते, शक्ति का उपयोग करते, लाभ होते देख किसी प्रकार की बाधा नहीं देनी चाहिये।

कर्मों का संक्षेपतः परिचय, उनके बंध का कारण आदि बतलाया सो गौर से ध्यान देने लायक है। सिर्फ कर्मों का नाम जानने से कुछ गरज न सरेगी। उनको पहिचान कर उनके भीतर जो त्यागने लायक है, और जिन-जिन कृत्यों से वे बंधते हैं वह सब सदा मन में रख कर संसार में अग्रसर होना चाहिए ताकि इहलोक की उन्नति के साथ २ पारत्रिक कल्याण का मार्ग सहज व

सरल हो जाय। कर्मों का स्वरूप जान कर यथा संभव उससे बचने की कोशिस करें।

ग्यारहवां बोल

गुणस्थान १४—(१) मिथ्यात्वी (२) सास्वादन समदृष्टि (३) मिश्र (४) अव्रती समदृष्टि (५) देशव्रती श्रावक (६) प्रमादी साधु (७) अप्रमादी साधु (८) निवृत्त बादर (९) अनिवृत्त बादर (१०) सूक्ष्म संपराय (११) उपशान्त मोह (१२) क्षीण मोह (१३) सयोगी केवली (१४) अयोगी केवली।

व्याख्या

गुणस्थान जीव के क्रमविकास का स्तर है। सर्व निम्न अवस्था मिथ्यात्वी गुणस्थान का है। मिथ्यात्वी को भी पहिले गुणस्थान में इसलिये रखा है कि यद्यपि वह मिथ्यात्वी है तथापि कोई कोई बात उनमें भी सच्ची श्रद्धा की मिल सकती है। दूसरा गुणस्थान अतिशय सामान्यकाल स्थायी है, समदृष्टि जीव जब कर्म वश निम्न-स्तर में याने मिथ्यात्व में आ पहुंचता है तब पहला स्थान छोड़ा और दूसरा स्थान में गिरा इसके बीच का सामान्य काल सास्वादन सम-दृष्टि कहलाता है क्योंकि उसमें समदृष्टि का आस्वाद मात्र है। तीसरा मिश्र उस अवस्था का नाम है जिसमें कुछ अंश समदृष्टि का और कुछ मिथ्यात्व का हो। चौथा गुणस्थान समदृष्टि जीव जो कोई व्रत प्रत्याख्यानादि अंगीकार न किया हो, उनका है। पांचवा गुणस्थान समदृष्टि व्रतधारी श्रावक का है। छठे से लगाय चौदहवें तक गुण-स्थान साधुओं का है। ज्यों-ज्यों साधुपणा में कषाय (क्रोध, मान, माया.

लोभ) का हलकापन होता जाता है त्यों-त्यों साधुओं के गुणस्थान की श्रेणी उच्च होती जाती है। चवदहवें गुणस्थानक में पहुंचने के अव्यवहित बाद ही मुक्ति पधार जाते हैं।

बारहवां बोल

पांच इन्द्रिय का २३ विषयः—श्रोत्रेन्द्रिय का ३—जीवशब्द, अजीवशब्द व मिश्र शब्द

चक्षुः इन्द्रिय का ५—काला, पीला, धोला, लाल, व नीला।

घ्राणेन्द्रिय का २—सुगंध व दुर्गन्ध।

रसेन्द्रिय का ५—खट्टा, मीठा, कड़वा, कसायला व तीखा।

स्पर्शेन्द्रिय का ८—हलका, भारी, खरदरा (कर्कश), सुहाला (मसृण), लूखा (रुक्ष), चोपड्या, ठंडा, उष्ण।

व्याख्या

यह सारा विषय सहज में बोधगम्य है। श्रोत्रेन्द्रिय का जो जीव शब्द बतलाया वह जीव कृत शब्द अजीव शब्द—अजीव पदार्थ प्रस्तर, मिट्टी, लकड़ी इत्यादि का पतन घर्षण आदि जनित शब्द और मिश्र शब्द जीवकृत अजीव पर शब्द यथा ढक्का निनाद बंशीस्वर इत्यादि।

चक्षुः इन्द्रिय का विषय में—पांच प्रकार का वर्ण कहा गया है। आधुनिक वैज्ञानिक लोग ७ रंग बतलाते हैं और सफेद व काले को यथाक्रम रंगों का समवाय व अभाव बतलाते हैं। परन्तु जैनागमों में श्वेत व कृष्ण भी वर्ण बतलाया है। अन्यथा कृष्ण

वर्ण मसी आदि में कोई रंग नहीं, ऐसा कहना अयौक्तिक होगा। जैनागम में एक एक वर्ण में भी दूसरे दूसरे रंग का न्यूनाधिक भाव से होना बतलाया है और एक एक रंग भी अत्यन्त कमवेशी हो सकता है। ये सब गहन बातें अधिक अध्ययन, मनन,श्रवण से मालूम होंगी। घ्राणेन्द्रिय, रसेन्द्रिय स्पर्शेन्द्रिय का विषय सहज बोध्य व सब का जाना हुआ है।

तेरहवां बोल

दश प्रकार के मिथ्यात्वी हैं—

(१) जीव को अजीव श्रद्धे सो मिथ्यात्वी।
(२) अजीव को जीव समझे सो मिथ्यात्वी।
(३) धर्म को अधर्म श्रद्धे सो मिथ्यात्वी।
(४) अधर्म को धर्म श्रद्धे सो मिथ्यात्वी।
(५) साधु को असाधु श्रद्धे सो मिथ्यात्वी।
(६) असाधु को साधु श्रद्धे सो मिथ्यात्वी।
(७) धर्म मार्ग को कुमार्ग श्रद्धे सो मिथ्यात्वी।
(८) कुमार्ग को धर्म मार्ग श्रद्धे सो मिथ्यात्वी।
(९) मोक्ष गये को अमोक्ष गया श्रद्धे सो मिथ्यात्वी।
(१०) अमोक्ष गये को (जो मोक्ष नहीं गये) मोक्ष गया श्रद्धे सो मिथ्यात्वी।

व्याख्या

सम्यक्ती व मिथ्यात्वी का जिक्र बहुत जगह पहिले आया है पर मिथ्यात्वी की पहिचान तेरहवें बोल में ही यहां दी गई है। यह

पहचान खासकर जानने योग्य व स्मरण रखने योग्य है। क्योंकि इन्हें न जानने से सम्यक्त खो देने की आशंका रहती है। प्रत्येक जैन को इन सब मिथ्यात्व का लक्षण विचारपूर्वक समझ के इनसे बचना चाहिए। उदाहरणस्वरूप बहुत से मतों में पशु-बलिदान धर्म बतलाया है। यह बिलकुल धर्म नहीं। प्रथम तो हिंसा में धर्म नहीं होता, दूसरे, दूसरे की हिसा करना और उसे धर्म समझना यह मिथ्यात्त्व की जड़ है, फिर देखो बहुत लोग एकेन्द्रिय पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु, वनस्पति काय में जीव नहीं मानते। अगर हम उन्हें जीव नहीं मानते हैं तो उससे मिथ्यात्व लगता है इसी तरह दूसरे-दूसरे मिथ्यात्वी का लक्षण हरदम याद रखो और यथासंभव उससे अपने को बचाओ।

चौदहवां बोल

१४ चौदहवें बोले नव तत्व को जाणपणो तींका ११५ एक सौ पन्दरा बोल। चौदै जीव काः—सूक्ष्म एकेन्द्री का दोय भेद—१ पहलो अपर्याप्तो २ दूसरो पर्याप्तो। बादर एकेन्द्री का दोय भेद—३ तीजो अपर्याप्तो ४ चौथो पर्याप्तो। बे इन्द्री का दोय भेद—५ पांचमूं अपर्याप्तो ६ छट्ठो पर्याप्तो। ते इन्द्री का दोय भेद—७ सातमूं अपर्याप्तो ८ आठमूं पर्याप्तो। चौ इन्द्री का दोय भेद—९ नवमूं अपर्याप्तो १० दशमूं पर्याप्तो। असन्नी पंचेन्द्री का दोय भेद—११ इग्यारमूं अपर्याप्तो १२ बारमूं पर्याप्तो, सन्नी पंचेन्द्री का दोय भेद—१३ तेरमूं अपर्याप्तो १४ चौदमूं पर्याप्तो। १४ चौदे अजीव का भेद—धर्मास्तिकाय का ३ भेद—खन्ध

देश, प्रदेश, अधर्मास्तिकाय का ३ भेद—खन्ध, देश, प्रदेश, आकाशास्तिकाय का ३ भेद—खन्ध, देश, प्रदेश, काल को दशमूं भेद (ये दश भेद अरूपी छै) पुद्गलास्तिकाय का च्यार भेद—खन्ध देश, प्रदेश, परमाणु । ६ पुन्य नव प्रकार का अन्नपुन्ने १ पाणपुन्ने २ लैणपुन्ने ३ सयण पुन्ने ४ वत्थपुन्ने ५ मनपुन्ने ६ वचनपुन्ने ७ कायापुन्ने ८ नमस्कार पुन्ने ६ ।

पाप अठारे प्रकार—प्राणातिपात १, मृषावाद २, अदत्तादान ३, मैथुन ४, परिग्रह ५, क्रोध ६, मान ७, माया ८, लोभ ६, राग १०, द्वेष ११, कलह १२, अभ्याख्यान १३, पैशुन्य १४, परपरिवाद १५. रति अरति १६, मायामृषा १७, मिथ्यादर्शन शल्य १८ ।

२० वीस आस्रव का—मिथ्यात्व आस्रव १, अव्रत आस्रव २, प्रमाद आस्रव ३, कषाय आस्रव ४, जोग आस्रव ५, प्राणातिपात आस्रव ६, मृषावाद आस्रव ७, अदत्तादान आस्रव ८, मैथुन आस्रव ६, परिग्रह आस्रव १०, श्रोत्रइन्द्री मोकली मेले ते आस्रव ११, चक्षु इन्द्री मोकली मेले ते आस्रव १२, घ्राणइन्द्री मोकली मेले ते आस्रव १३, रसइन्द्री मोकली मेले ते आस्रव १४, स्पर्शइन्द्री मोकली मेले ते आस्रव १५, मन प्रवर्तावै ते आस्रव १६, वचनप्रवर्तावै ते आस्रव १७, काया प्रवर्तावै ते आस्रव १८, भण्डोपकरणमेलतां अजयणा करै ते आस्रव १६, सुई कुसाग्रमात्र सेवै ते आस्रव २० ।

२० वीस संवर का—सम्यक्त ते संवर १, व्रत ते संवर २, अप्रमाद ते संवर ३, अकपाय संवर ४, अजोग संवर ५, प्राणातिपात न करे ते संवर ६, मृषावाद न बोले ते संवर ७, चोरी न करे ते संवर ८, मैथुन

न सेवै ते संबर ९, परिग्रह न राखे ते संबर १०, श्रुतइन्द्री वश करे ते संबर ११, चक्षुइन्द्री वश करे ते संवर १२, घ्राणइन्द्री वश करे ते संवर १३, रसेन्द्री वश करे ते संबर १४, स्पर्शइन्द्री वश करे ते संवर १५, मन वश करे ते संवर १६, बचन वश करे ते संवर १७, काया वश करे ते संवर १८, भण्डउवगरणमेलतां अजयणा न करे ते संवर १९, सुई कुसाग्र न सेवै ते संबर २० ।

१२ निर्जरा बारे प्रकारे—अणसण १, उणोदरी २, भिक्षाचरी ३, रस परित्याग ४, कायाक्लेश ५, प्रतिसंलेपना ६, प्रायश्चित ७, विनय ८, वेयावच्च ९, सिज्झाय १०, ध्यान ११, विउसग्ग १२ ।

४ वंध च्यार प्रकारे—प्रकृतिवंध १, स्थितिबंध २, अनुभागवंध ३, प्रदेशवंध ४ ।

४ मोक्ष च्यार प्रकारे—ज्ञान १, दर्शन २, चारित्र ३, तप ४ ।

व्याख्या

एकेन्द्रिय जो चर्मचक्षुः से देख नहीं पाते वे सूक्ष्म और जो देख पाते वे वादर कहलाते हैं। एकेन्द्रिय से लेकर पंचेन्द्रिय तक जीव जब अपना पूरा पर्याय पा जाते हैं तब उन्हें पर्याप्त कहा जाता है और जब तक पूरा पर्याय नहीं होता और संपूर्ण पर्याय प्राप्त होने के पहिले जीव मर जाता है, उन्हें अपर्याप्त कहा जाता है।

धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय के खंध (स्कन्ध), देश व प्रदेश ये तीन-तीन भेद है। स्कन्ध समूची वस्तु के लिये प्रयुज्य है। उसके किसी हिस्से, अंश, या टुकड़े

को देश कह सकते हैं और प्रदेश सबसे छोटे अंश को कहते हैं। यह तो अरूपी इन तीनों का भेद है जो पुद्गल की अपेक्षा से यह भेद किया जाता है। अर्थात् किसी रूपी पदार्थ (पुद्गल) को चलने का साहाय्य देने वाला धर्मास्तिकाय है, अतः उस रूपी पदार्थ के समस्त अंश की अपेक्षा से धर्मास्तिकाय का स्कन्ध है। रूपी के कोई एक हिस्से की अपेक्षा देश व छोटे-छोटे हिस्से को प्रदेश कहते हैं, परन्तु पुद्गल के ४ भेद हैं क्योंकि उसका सर्व छोटा अंश परमाणु है। अरूपी के परमाणु होता नहीं, इसलिये पूर्वोक्त धर्मास्ति, अधर्मास्ति, आकाशास्ति के ३ ही भेद हैं। इसका विस्तृत विवरण विशिष्ट विद्वान् अथवा मुनिराजों से जानना चाहिये।

पुन्य के जो ९ भेद किये हैं उसके लिये हरदम यह बात ख्याल रखने को है कि अन्न, पानी, जगह, शय्या, वस्त्रादि निर्दोष साधु मुनिराज आरम्भ समारंभ त्यागी—संसार त्यागी महात्माओं को देने से ही होता है। शुद्ध भाव से, शुद्ध निर्जीव वस्तु, सुपात्र को देना ही पुन्यबंध का कारण है। अशुद्ध भाव से या अशुद्ध वस्तु, या कुपात्र को दिया हुआ कदापि पुण्य का कारण नहीं होता।

वैसे ही मन वचन व काया पुण्य भी। इनको निरवद्य याने पाप रहित कार्य्यों में प्रवर्ताने से ही होता है। सावद्य, पापजनक कार्य्य में प्रवृत्त मन वचन काया से पुण्य नहीं होता। नमस्कार भी हर एक को करने से पुन्य नहीं होता। लौकिक व्यवहार (सांसारिक भद्रता Etiquette) से बहुतों को नमस्कार किया जाता है, परन्तु पुण्य तो उन महात्माओं को या उन देव को नमस्कार से ही होगा जो

सावद्य कार्य्य से निवृत्त हैं अथवा कषायों को जिन्होंने जीता है। हर एक पाठक को ध्यान में रखना होगा कि सांसारिक दान नाना प्रकार के हैं। गृहस्थ से नाना कारणों से अनेकों को बहुत कुछ दिया जाता है परन्तु उससे सांसारिक कीर्ति व यश नाम हो सकता है परन्तु आत्मिक उन्नति व पुन्य का कारण वह सब दान नहीं हैं। जैन धर्म की यह मुख्य बात याद रखने लायक है कि किसी को (चाहे कुपात्र हो या सुपात्र) कोई कुछ देता है तो उसको मना करना अंतराय कर्म बंध का कारण है। परन्तु कौन सा दान वास्तव में आत्मिक कल्याण का है और कौन सा सिर्फ लोक व्यवहार, सांसारिक यशः कीर्ति मान या देखादेखी होता है यह जानना जरूर चाहिये। बुरे को बुरा व भले को भला जाननेवाला कदापि नहीं पिस्तावेगा। पाप का १८ प्रकार बताया सो सहज बोध्य है। प्राणातिपान (हिंसा) से लेकर कलह तक तो सरल है व सब पाठक जानते हैं। अभ्याख्यान का अर्थ फिजूल की झूठी बात बनाना इसे सब बुरा कहते हैं। पैशुन्य याने दूसरे की चुगली करना भी साधारणतया निंदित है। परपरिवाद दूसरों की निंदा करना अनुचित है, यह सब जानते ही हैं। रति—असंयम में राजीपना याने मनमानी उछृंखल भाव में वर्तने में खुशी मानना व अरति—संयम में बेराजीपना अर्थात् व्रत नियमादि के पालन में कष्ट समझना। पंच-इन्द्रिय का विषय भोग में जो स्वतन्त्रता वह असंयम व उसमें जो नियन्त्रण वह संयम। इन दोनों को यथातथ्य समझ के सबको होशियार रहना चाहिए। नीतिकारने कहा भी है—

आपदां कथितः पंथा इन्द्रियाणामसंयमः।
तज्जयो संपदां मार्गः येनेष्टं तेन गम्यताम् ॥

माया मृषा—कपट सहित झूठ बोलना। मिथ्या दर्शन शल्य याने मिथ्यात्त्व रूपी कंटक।

आश्रव याने जीव के साथ कर्मों के मिलाप का रास्ता यह २० है यह सब सहज बोध्य है। संवर याने कर्म प्रवेश रोकने का अर्गल – यह भी सहज बोध्य ही है।

निर्जरा अर्थात् कर्म काटने का १२ भेद है—

अनशण—उपवासादि तपस्या कर खाना पीना छोड़ना।

उणोदरी—कम आहार करना।

भिक्षाचरी—जरूरत की चीजें भिक्षा करके लाकर आवश्यक पूर्ति करना।

रसपरित्याग—घृतादि अथवा षट्रस की वस्तुयें छोड़ना।

कायाक्लेश—शारीरिक आतापना, शीत सहन आदि से कष्ट सहना।

प्रतिसंलेषना—इन्द्रिय कषाय योग आदि का नियन्त्रण करना। इनको प्रश्रय न देना।

प्रायश्चित—दोष लगा हो तो दंड प्रायश्चित लेकर शुद्ध होना।

विनय—देवगुरु, धर्म व गुणियों को यथाविधि आदर सम्मान देना।

वैयावच्च—पूज्य स्थानीयों की यथासाध्य सेवा करना।

स्वाध्याय (सज्झाय) धार्मिक विषयों का पाठ चितारना अथवा ज्ञान को याद करते रहना।

ध्यान—एकाग्रचित्त से धार्मिक विषय का ध्यान करना।

विउसग्ग (कायोत्सर्ग)—शरीर की समस्त माया छोड़ निर्विकार चित्त रहना।

वंध का ४ प्रकार है—

प्रकृतिबंध—जैसा कर्म किया, उसके अनुसार जो प्रकृति बंधी उसे प्रकृति बंध।

स्थिति बंध—कर्म जितने काल के लिये बंधा।

अनुभाग बंध—तीव्र मन्द आदि भेद से बंध।

प्रदेश बंध—जीव के जिस प्रदेश के साथ जो कर्म जितना बंधा।

मोक्ष का ४ प्रकार या रास्ता है—

ज्ञान से, दर्शण से चारित्र से और तप से मोक्ष मिल सकता है।

पंदरहवां बोल

पन्दरह में बोले आत्मा आठ—द्रव्य आत्मा १ कषाय आत्मा २, योग आत्मा ३, उपयोग आत्मा ४, ज्ञान आत्मा ५, दर्शण आत्मा ६, चरित्र आत्मा ७, वीर्य आत्मा ८।

व्याख्या

आत्मा का आठ भेद है। द्रव्य आत्मा तो साधारण आत्मा को कहते हैं, यह असंख्यात प्रदेश १ है।

आत्मा में कषाय का (क्रोध, मान, माया, लोभ का) प्राबल्य होने से वह कषाय आत्मा कहलावेगी। यह भाव आत्मा अर्थात् आत्मा का एक भाव मात्र है। आत्मा जब मन वचन काया के शुभ व अशुभ भाव में प्रवर्तती है, तब वह योग आत्मा है, यह आत्मा का भाव मात्र है।

उपयोग आत्मा—जब आत्मा उपयोग देती है, तब उपयोग आत्मा कहलावेगी, यह भी भाव आत्मा है।

ज्ञान आत्मा—जब आत्मा ज्ञान में रमती है, तब वह ज्ञान आत्मा कहलावेगी, यह भी भाव आत्मा है।

दर्शण आत्मा—आत्मा में जब दर्शण गुण का प्रादुर्भाव होता है, तब वह दर्शण आत्मा कही जाती है, यह भी भाव आत्मा है।

चारित्र आत्मा—जब आत्मा शुद्ध चारित्र पालती, कर्म को रोकती, तब वह चारित्र आत्मा कहलावेगी, यह भी भाव आत्मा ही है।

वीर्य आत्मा—आत्मा का बलवीर्य पराक्रम है, सो वीर्य आत्मा, यह भी भाव आत्मा है।

सोलहवां बोल

सोलहवें बोले दण्डक चौवीस—१ सात नारकियां को एक दण्डक, १० दश दण्डक भवनपति का—असुरकुमार १, नागकुमार २, सोवन कुमार ३, विद्युत कुमार ४, अग्नि कुमार ५, दीप कुमार ६, उदधि कुमार ७, दिसा कुमार ८, वायु कुमार ९, स्तनित कुमार १०।

पांच थावर का पञ्च दण्डक—पृथ्वीकाय १, अप्पकाय २, तेउकाय ३, वायुकाय ४, वनस्पतिकाय ५, १ बे इन्द्री को सतरमों, १ ते इन्द्री को अठारमों, १ चौ इन्द्री को उगणीसमों, १ तिर्यञ्च पंचेन्द्री को बीसमों, १ मनुष्य पंचेन्द्री को इकवीसमों, १ वानव्यन्तर देवतां को बावीसमों, १ जोतषी देवतां को तेवीसमों, १ वैमानिक देवतां को चोवीसमों।

व्याख्या

कर्म के कारण जीव जो नाना गति में परिभ्रमण रूप दंड भोगता है उसी को दंडक की संज्ञा दी गई है। याने कर्मवश जीव नाना स्थान में उपजता, उसे दंडक कहते हैं। दंडक २४ हैं, सो अलग-अलग नाम से स्पष्ट है।

सतरहवां बोल

सतरहवें बोले लेश्या छव—कृष्णलेश्या १, नील लेश्या २, कापोत लेश्या ३, तेजो लेश्या ४, पद्म लेश्या ५, शुक्ल लेश्या ६।

व्याख्या

लेश्या—जीव के भले बुरे भाव या परिणाम का नाम है। अत्यन्त मलिन भाववाले कृष्णलेश्या, उससे कुछ कम खराब भाववाले नीललेश्या, उससे कुछ ठीक भाववाले कापोतलेश्या, उससे कुछ अधिक अच्छे भाववाले तेजोलेश्या, इसी तरह क्रमशः अच्छे-अच्छे भाववाले पद्म व शुक्ल लेश्या वाले कहलाते हैं। लेश्या पहिचानने के लिये एक सुन्दर दृष्टान्त बतलाया जाता है जो यहां संक्षेपतः बता

देना रोचक होगा । छः मित्र एक साथ फिरने निकले। घूमते-घूमते पथभ्रष्ट होकर एक जंगल में रड भडने लगे, क्षुधा-तृषा से व्याकुल हो गये। देखते-देखते एक आम का वृक्ष कच्चे पके आमों से भरा हुआ देखा तब एक ने कहा, गाछ को काट डालो, सो गाछ गिरने से जो सब आम है सो हम लोग मजे से खा सकेंगे। दूसरे ने कहा, समूचा गाछ क्यों तोड़ना है। एक बड़ी शाखा तोड़ो, उसके आम ही अपने लिये पर्याप्त हैं। तीसरे ने कहा, बड़ी शाखा न तोड़कर एक छोटी शाखा ही तोड़ो तो यथेष्ट होगा, चौथे ने कहा, गाछ या शाखा तोड़ के क्या होगा, सब आम ही तोड़ डालो। पांचवें ने कहा कि इसमें कच्चे पके आम हैं सो पके आम ही तोड़ने चाहिये उससे अपनी क्षुधा-तृषा शान्त हो जायगी। छट्ठे ने कहा कि भाई अनर्थक पेड़ के आम क्यों तोड़ते हो, जो आम पक कर नीचे गिरे हुए हैं, वही हमारे छः के लिये यथेष्ट हैं।

इस कथा में छः मित्रों के भाव में कितना पार्थक्य था। यह छः क्रमशः छः लेश्या के धारक दृष्टान्तस्वरूप कहे जाते हैं।

अठारहवां बोल

अठारमें बोले दृष्टि तीन—सम्यक्दृष्टि १, मिथ्या दृष्टि २, समिथ्या दृष्टि ३।

व्याख्या

दृष्टि ३ प्रकार की—सम्यक्ती—सम्यक्ती वह जो अरिहंत को देव, सुसाधु को गुरु व जिन प्ररूपित तत्व को धर्म समझे।

मिथ्यात्वी वह जो कुगुरु, कुदेव व कुधर्म को सद्गुरु, सच्चा देव व सच्चा धर्म समझे, समिथ्या दृष्टि—वह जो सम्यक्ती है पर किसी-किसी तत्व की बात में मामूली शङ्का है।

उन्नीसवां बोल

उगणीसमें बोले ध्यान ४ च्यार—आर्तध्यान १, रौद्रध्यान २, धर्मध्यान ३, शुक्लध्यान ४।

व्याख्या

ध्यान ४ प्रकार का—

आर्तध्यान—चिंता शोक भयग्रस्त रहना।

रौद्रध्यान—क्रोध के आवेश में रहना।

धर्मध्यान—धर्म चिंतन करना।

शुक्लध्यान—समस्त सांसारिक काय्य को छोड़ एक मात्र आत्मचिंतन, परमार्थ चिंतन में एकाग्र मन से लगा रहना।

बीसवां बोल

बीसमें बोले षटद्रव्य को जाण पणो। धर्मास्तिकाय ने पांचां बोला ओलखीजे—द्रव्यथकी एक द्रव्य, खेत्र थी लोक प्रमाणे, कालथकी आदि अन्त रहित, भाव थी अरूपी, गुणथकी जीव पुद्गल ने हालवा चालवा को सहाय, अधर्मास्तिकाय ने पांचां बोलां ओलखीजे—द्रव्य थी एक द्रव्य, खेत्र थी लोक प्रमाणे कालथकी आदि अन्त रहित, भाव थीं अरूपी, गुण थी थिर रहवा नो सहाय, आका-

